


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 354

ग्वालियर, मंगलवार 13 सितम्बर 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




## खास खबर

### भारत और जीसीसी ने परामर्श तंत्र को लेकर सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए

**लंदन।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के महासचिव नायफ फलाह मुबारक अल-हजरफ के साथ बैठक की। इस दौरान दोनों नेताओं ने भारत और छह देशों के क्षेत्रीय संगठन जीसीसी के बीच परामर्श तंत्र को लेकर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। जयशंकर भारत और सऊदी अरब के बीच संबंधों को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए तीन दिवसीय यात्रा पर सऊदी अरब पहुंचे हैं। विदेश मंत्री के रूप में यह सऊदी अरब की उनकी पहली यात्रा है। जयशंकर ने जीसीसी के महासचिव से मुलाकात की और मौजूदा क्षेत्रीय व वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की। जयशंकर ने ट्वीट किया, जीसीसी के महासचिव डॉ. अल-हजरफ के साथ बैठक सार्थक रही। भारत और जीसीसी के बीच परामर्श तंत्र को लेकर सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए।

### इमरान को ले जा रहा विमान खराब मौसम के कारण वापस लौटा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के नेता ने स्पष्ट किया कि पिछले सप्ताह के अंत में खान को ले जा रहा विमान उड़ान भरने के कुछ देर बाद खराब मौसम के कारण इस्लामाबाद लौट आया था। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के नेता अजहर मशवानी ने दावा किया गया है, कि खान (69) तकनीकी खामी के कारण विमान दुर्घटना का शिकार होने से बाल-बाल बच गए। खान गुजरांवाला जा रहे थे। मशवानी ने लिखा, विमान में तकनीकी खराबी होने की कोई भी खबर गलत है। उन्होंने कहा,अध्यक्ष इमरान का विमान उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद खराब मौसम के कारण वापास इस्लामाबाद लौट आया था। विमान उतरने के बाद उन्होंने सड़क मार्ग के जरिए यात्रा की। खान जल्द चुनाव कराने की अपनी मांग के लिए समर्थन जुटाने को लेकर रैलियों को संबोधित कर रहे हैं। इस महीने की शुरुआत में इस्लामाबाद में खान के सुरक्षा काफिले के एक वाहन में आग लग गई थी। हालांकि इस घटना में पूर्व प्रधानमंत्री को कोई चोट नहीं आई।

### कांग्रेस मजबूती होगी, तभी विपक्ष की एकता मजबूत होगी : जयराम रमेश

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा कि उसकी मजबूती विपक्षी एकजुटता का स्तंभ है तथा उसके मजबूत हुए बिना विपक्ष की एकता संभव नहीं है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि 'भारत जोड़ो' यात्रा विपक्ष की एकजुटता के लिए नहीं, बल्कि कांग्रेस को मजबूत बनाने के लिए है। उन्होंने कहा, ''मुझे खुशी है कि भारत जोड़ो यात्रा के बाद यह हाथी (कांग्रेस) जग गया है, हाथी चल रहा है। सभी पार्टियां इस ओर देख रही हैं कि कांग्रेस क्या कर रही है।'' रमेश ने कहा, विपक्ष की एकता तभी संभव होगी जब कांग्रेस मजबूत होगी। विपक्ष की एकता का यह मतलब नहीं है कि कांग्रेस कमजोर हो... यह यात्रा विपक्षी एकता के लिए नहीं, कांग्रेस को मजबूत करने के लिए है। हम प्राथमिकता दे रहे हैं कि कांग्रेस को और मजबूत तथा प्रभावशाली बनाया जाए।

### बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री लेकर पाकिस्तान पहुंचे अमेरिकी विमान

**कराची।** बाढ़ प्रभावित पाकिस्तानियों के लिए कई टन राहत सामग्री लेकर दो और अमेरिकी सैन्य विमान दक्षिणी सिंध प्रांत में उतरे। पाकिस्तान का यह प्रांत बाढ़ से सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में से एक है। पाकिस्तान के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण के प्रवक्ता सैफ उल्लाह ने कहा कि प्रत्येक विमान में लगभग 35 टन राहत सहायता थी, जिसे विश्व खाद्य कार्यक्रम द्वारा प्रांत में वितरित होगा। सैफ उल्लाह ने कहा कि विमान सिंध के सुक्कुर हवाई अड्डे पर उतरा और अमेरिकी अभियान 16 सितंबर तक जारी रहेगा। पाकिस्तान को इस साल जून के मध्य में शुरू हुई अत्यधिक भारी मॉनसूनी बारिश का सामना करना पड़ा है। कई अधिकारियों और विशेषज्ञों ने बारिश और इसके चलते आई बाढ़ के लिए जलवायु परिवर्तन को जिम्मेदार ठहराया है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने पिछले हफ्ते अंतरराष्ट्रीय समुदाय से पाकिस्तान को भारी मात्रा में सहायता भेजने का आह्वान किया था। उल्लाह ने रविवार को कहा कि संयुक्त अरब अमीरात से राहत सामग्री लाने वाली दो और उड़ानें कराची हवाई अड्डे पर उतरीं।

### केंद्रीय मंत्री गडकरी और अक्षय कुमार पर लगा दहेज प्रथा को बढ़ावा देने का आरोप

**मुंबइ।** कार में 6 एयरबैग्स की बात पर जोर दे रहे, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के ट्वीट से बवाल मच गया है। उन्होंने ट्विटर पर वीडियो शेयर किया है, जिसमें एक दुल्हन की विदाई का दृश्य दिखाया जा रहा है। इसमें दिख रहा है कि पिता बेटी को विदा कर रो रहा हैं। इसी बीच अभिनेता अक्षय कुमार आते हैं और उन्हें बेटी-दामाद की सुरक्षा को लेकर सतर्क करते हैं। हालांकि, यह वीडियो है, तब सड़क सुरक्षा अभियान से जुड़ा, लेकिन अब इस दहेज प्रथा से जोड़कर देखा जा रहा है।

# छग- सड़क किनारे खड़ी ट्रेलर से टकराई बस दुर्घटना में 7 की मौत, 10 से ज्यादा लोग घायल



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले से एक हृदय विदारक घटना की खबर आ रही है यहां एक भीषण सड़क दुर्घटना में दो बच्चों सहित 7 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा तेज रफ्तार बस सड़क किनारे खड़ी ट्रेलर से टकराने से हुआ। बस रायपुर से सीतापुर जा रही थी। सोमवार तड़के पोंडी उपरोड़ा नेशनल हाईवे-130 में मड़ई के पास यह हादसा हुआ है। हादसे में 7 यात्रियों की मौत पर मौत हो गई, जबकि 10 से ज्यादा लोग घायल बताए जा रहे हैं। मृतकों में 2 बच्चे, 2 महिलाएं और 3 पुरुष शामिल हैं। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घायलों को संजीवनी एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया है। अभी तक मृतकों की पहचान नहीं हो सकी है। हादसा बांगो थाना क्षेत्र में हुआ है। हादसे पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शोक जताया है। मिली जानकारी के मुताबिक लग्जरी बस स्लीपर कोच देर रात रायपुर से सीतापुर के लिए निकली थी। बस क्रमांक सीजी 04 एमएम3195 सोमवार तड़के 4 बजे कोरबा के पौड़ी उपरेड़ा में नेशनल हाईवे-130 पर पहुंची थी कि मड़ई के पास सड़क किनारे खड़े ट्रेलर से जा टकराई। टक्कर इतनी तेज थी कि बस के एक तरफ के परखच्चे उड़ गए। हादसे के दौरान लोग गहरी नींद में सोए थे। हादसे के बाच चीख-पुकार मच गई। हादसे में 2 बच्चों, 2 महिलाओं सहित 7 लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना में 10 से ज्यादा यात्री घायल हुए हैं। जिन्हें संजीवनी से जिला अस्पताल और स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। भीषण सड़क हादसे के बीच चीख पुकार मच गई। बस में सवार कुछ यात्रियों ने पुलिस और स्वास्थ्य विभाग के हेल्पलाइन में मदद की गुहार लगाई। एसपी संतोष सिंह ने बताया कि सूचना पर पुलिस विभाग की टीम पहुंची। घायलों को संजीवनी एम्बुलेंस से स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया गया। गंभीर स्थिति को देखते हुए 3 मरीजों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। बस को बांगो थाने में लाकर खड़ा किया गया है, जबकि ट्रेलर मौके पर ही मौजूद है। हादसे में मृतकों की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतकों के शवों को पोड़ी-उपरोड़ा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रखवाया गया है। हादसे के दौरान बस के यात्री स्लीपर कोचों में सो रहे थे। टक्कर से बस के गेट के बाद 3 स्लीपर कोचों में सवार यात्री मारे गए हैं। इसके पीछे के यात्री घायल हुए हैं। एक यात्री बस से नीचे भी गिर गया। हाईवे पेट्रोलिंग टीम सबसे पहले मौके पर पहुंची और बांगो थाने को सूचना दी। बांगो पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल भिजवाया।

## एनआईए ने 60 गैंगस्टरों के ठिकानों पर की छापेमारी



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने संगठित आतंकी समूहों और गैंगस्टरों पर शिकंजा कसते हुए बड़ी कार्रवाई करते हुए उत्तर भारत में करीब 60 ठिकानों पर छापामार कार्रवाई की है। नारको टेररिज्म, हथियार तस्करी और गैंग वॉर पर लगाम कसने के लिए यह कार्रवाई की गई है। एनआईए के सूत्रों ने बताया कि अवैध गतिविधियों पर लगाम कसने के लिए यह सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया है। एजेंसी को अंदेशा है कि एक साजिश के तहत अवैध गतिविधियों को संचालित किया जा रहा है। एजेंसी ने उत्तर भारत की 60 स्थानों पर छापेमारी की है। एजेंसी का कहना है कि कुछ शीर्ष गैंग्स को रडार पर लिया गया है, जो भारत में ही ऑपरेट हो रही हैं या फिर उनके गुर्गे विदेश से आतंकवाद को बढ़ाने का काम कर रहे हैं। हाल ही में हरियाणा और पंजाब के पुलिस अधिकारियों के साथ मिलकर एनआईए ने बैठक की थी। एनआईए ने दिल्ली-एनसीआर, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान और वेस्ट यूपी में कई ठिकानों पर छापेमारी की है। हाल ही में नीरज बवाना गैंग, लॉरेंस बिश्नोई गैंग पर समेत 10 गैंगस्टरों के खिलाफ एनआईए ने जांच शुरू की थी। बता दें कि पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला की हत्या में भी लॉरेंस बिश्नोई गैंग का ही हाथ बताया जाता रहा है। कहा जा रहा है कि पंजाब के कुछ गैंगस्टर्स का खालिस्तानी आतंकियों और आईएसआई से भी कनेक्शन होने की बात सामने आई है। इससे एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। बता दें कि एनआईए ने पिछले दिनों नीरज बवाना, लॉरेंस बिश्नोई और टिल्लू ताजपुरिया समेत कई नामी बदमाशों की लिस्ट तैयार की थी। इन गैंगस्टरों का दिल्ली, हरियाणा, पंजाब समेत कई राज्यों से नेटवर्क संचालित होता रहा है। यही नहीं इनमें से कई बदमाश तो जेल के अंदर से भी ऐक्टिव रहे हैं।

## आजाद साहब का नजरिया होगा, हम जम्मू-कश्मीर में धारा 370 बहाल कराएंगे : महबूबा मुफ्ती


**जम्म।** जम्मू और कश्मीर में धारा 370 की वापसी के मुद्दे पर पूर्व कांग्रेसी नेता गुलाम नबी आजाद के बयान पर पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने कहा कि ये आजाद साहब का अपना



ओपिनियन है। कांग्रेस की जमात जब आजादी की लड़ाई लड़ रही थी, तब कई जमातें ये भी कहती थी कि अंग्रेज बहुत ताकतवर हैं। हमें उनके खिलाफ आवाज नहीं उठानी चाहिए। मेरा ये मानना है कि जम्मू कश्मीर एक समस्या है और धारा 370 को हटाने से ये समस्या और पेचीदा हो गई है। मुफ्ती ने कहा कि हम धारा 370 बहाल कराएंगे। आजाद साहब की सोच अलग हो सकती है। कांग्रेस के पूर्व नेता आजाद ने बारामूला में रैली के दौरान कहा कि अनुच्छेद 370 को बहाल करने के लिए लोकसभा में लगभग 350 वोट और राज्यसभा में 175 वोटों की जरूरत होगी। यह एक ऐसा नंबर है, जिसे किसी राजनीतिक दल को कभी मिलने की उम्मीद नहीं है। आजाद ने कहा कि अगर कांग्रेस अनुच्छेद 370 को बहाल करने के लिए कह रही है, तब वे झूठे वादे हैं।

## सच्चे दोस्त चीन ने फिर दिया पाकिस्तान को झटका, अबकी बार बिजली के लिए तरसाया

### नीलम-झेलम हाइड्रोपावर प्रॉजेक्ट का काम बंद किया



**बीजिंग।** बिजली और ईंधन की कमी से दो-चार हो रहे पाकिस्तान को करीबी दोस्त चीन ने बड़ा झटका दिया है। चीन के इंजीनियरों और कर्मचारियों ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में स्थित 969 मेगावाट के नीलम-झेलम हाइड्रोपावर प्रॉजेक्ट के मरम्मत के काम को इस साल जुलाई महीने से ही बंद कर दिया है। चीन ने यह कदम उस समय पर उठाया है, जब पाकिस्तान लगातार ऊर्जा और बिजली की कमी का सामना कर रहा है। चीन ने मरम्मत के काम को बंद करने की पीछे वजह जाहिर की हैं, कि स्थानीय लोग पनबिजली परियोजना के खिलाफ जोरदार विरोध कर रहे हैं। चीन ने कहा है कि पाकिस्तानी पुलिस उसके कर्मचारियों को सुरक्षा देने में नाकाम साबित हुई है। इस बीच चीन के अचानक से बिजली परियोजना से हटने से इस्लामाबाद और बीजिंग के बीच हाइड्रो पावर प्रॉजेक्ट को लेकर तनाव पैदा हो गया है। यह बिजली परियोजना पीओके की कथित राजधानी मुजफ्फराबाद के पास स्थित है। ये चीनी इंजीनियर एक महत्वपूर्ण सुरंग को खोलने पर काम कर रहे थे।

## ज्ञानवापी स्थित श्रृंगार गौरी केस में जिला जज का अहम फैसला, याचिका पर सुनवाई होगी



### मुस्लिम पक्ष ने ऊपरी अदालत जाने की कही बात

**वाराणसी।** ज्ञानवापी मस्जिद मामले में सोमवार को ज्ञानवापी स्थित श्रृंगार गौरी के नियमित दर्शन-पूजन और विग्रहों के संरक्षण पर वाराणसी कोर्ट ने अपना अहम फैसला सुना दिया है। जिला जज डॉ. अजय कृष्?ण विश्?वेश की अदालत ने याचिका पर आगे भी सुनवाई करने का फैसला लिया है। जज का फैसला आते ही कोर्ट परिसर हर हर महादेव के जयकारे से गूंज उठा। वकीलों ने भी जमकर नारे लगाए।

मुस्लिम पक्ष के वकील ने कहा कि ये फैसला न्यायोचित नहीं है। हम फैसले के खिलाफ ऊपरी अदालत का दरवाजा खटखटाएंगे। जज साहब ने फैसला लेकर सांसद के कानून को दरकिनार कर दिया। ऊपरी अदालत के दरवाजे हमारे लिए खुले हैं। जिला जज डॉ. विश्?वेश की अदालत मेंटेनेबिलिटी यानी पोषणीयता पर फैसला सुनाते हुए स्पष्ट कर दिया कि श्रृंगार गौरी-ज्ञानवापी मस्जिद केस में आगे सुनवाई होगी। कोर्ट को सोमवार को यही फैसला करना था कि यह याचिका सुनने योग्य है या फिर नहीं। वहीं मुस्लिम पक्ष की याचिका खारिज कर दी गई है। यह आदेश ऑर्डर 7 रूल नंबर 11 के आधार पर दिया गया। इस यदि आसान भाषा में समझा जाए, तब इसके तहत कोर्ट किसी केस में तथ्यों की मैरिट पर विचार करने के बजाए सबसे पहले ये तय किया जाता है, कि क्या याचिका सुनवाई करने लायक है भी या नहीं। रूल 7 के तहत कई वजह है, जिनके आधार पर कोर्ट शुरुआत में ही याचिका को खारिज कर देता है। यदि याचिकाकर्ता ने याचिका को दाखिल करने की वजह स्पष्ट नहीं की हो या फिर उसने दावे का उचित मूल्यांकन न किया हो या उसके मुताबिक कोर्ट फीस न चुकाई गई हो। इसके अलावा जो एक महत्वपूर्ण आधार है वहां है कि कोई कानून उस मुकदमे को दायर करने से रोकता हो। ज्ञानवापी मस्जिद के पार्श्व भाग में स्थित श्रृंगार गौरी के नियमित दर्शन के साथ 1993 के पूर्व की स्थिति बहाल करने की मांग को लेकर नई दिल्ली निवासी राखी सिंह और वाराणसी की लक्ष्मी देवी, सीता शाहू, मंजू व्यास और रेखा पाठक की तरफ से सिविल जज की अदालत में वाद दाखिल किया गया था।

## कांग्रेस के आरएसएस के निक्कर जली तस्वीर के ट्वीट पर बवाल

### भाजपा बोली- यह भारत जलाओ यात्रा

**नई दिल्ली।** शीर्ष कांग्रेसी नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में पार्टी की %भारत जोड़ो यात्रा% के बीच एक ट्वीट से भाजपा आगबबूला हो गई। कांग्रेस ने अपने अधिकारिक ट्विटर हैंडल से किए गए पोस्ट में आरएसएस की निक्कर में आग लगी तस्वीर शेयर कर है। इस तस्वीर के जरिए कांग्रेस ने आरएसएस-भाजपा पर निशाना साधा है। इसके बाद भाजपा ने पलटवार करते हुए कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा को आग लगाओ यात्रा बता दिया।



दरअसल, अपनी पोस्ट में कांग्रेस ने लिखा कि देश को नफरत के माहौल से मुक्त करने और आरएसएस-भाजपा द्वारा किए गए नुकसान की भरपाई को पूरा करने के लक्ष्य की दिशा में हम कदम बढ़ा रहे हैं। इसके बाद एक तस्वीर पोस्ट की जिसमें आरएसएस की निक्कर में आग लगी हुई दिख रही है और उसमें से धुआं ने निकल रहा है। जैसे ही यह तस्वीर पोस्ट की गई भाजपा भड़क गई। भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि यह तस्वीर भाजपा और आरएसएस को प्रतिनिधित्व करते हुए कांग्रेस ने ट्वीट किया और उसमें आग जलते हुए दिखाया है। कांग्रेस ने लोगों को उकसाने के लिए यह ट्वीट किया है। इनकी भारत जोड़ो यात्रा, आग लगाओ यात्रा है। यह पहली बार नहीं है जब कांग्रेस ने इस प्रकार की तस्वीर ट्वीट की हो।

इतना ही नहीं भाजपा के अन्य नेता भी सोशल मीडिया पर इसके विरोध में उतर आए। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार में मंत्री और पूर्व कांग्रेस नेता जितिन प्रसाद ने ट्वीट कर लिखा कि राजनीतिक मतभेद स्वाभाविक और समझने योग्य हैं लेकिन राजनीतिक विरोधियों को जलाने के लिए क्या इस तरह की मानसिकता की आवश्यकता है? नकारात्मकता और नफरत की इस राजनीति की सभी को निंदा करनी चाहिए। भाजपा युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और बेंगलुरु से सांसद तेजस्वी सूर्या ने लिखा कि 1984 में कांग्रेस की आग ने दिल्ली को जला दिया।

## रूस ने यूक्रेनी सेना से मुंह की खाई, खारकीव से बुरी तरह खदेड़ा!

**ब्लूमबग।** हमलावर रूस यूक्रेन पर लगभग 6 महीने हमला जारी रखे है बाबजूद इसके यूक्रेनी सैनिकों और नागरिकों के हौंसलों को पस्त नहीं कर पाए। अब यूक्रेन की सेना इतनी आक्रामक हो गई है कि खारकीव में उसे मुंह की खानी पड़ी। अब रूस ने अपनी सेनाओं को वापस बुलाने का ऐलान किया था। उसके बाद से ही यूक्रेनी सेना आक्रामक है और तेजी से आगे बढ़ रही है। यही नहीं कुछ तस्वीरों में तो यह भी सामने आया है कि यूक्रेन की सेना ने रूसी डिफेंस लाइन को बड़ा नुकसान पहुंचाया है। अपुष्ट खबरों में कहा गया है कि यूक्रेन की सेना ने वेलिकी बुरलुक पर कब्जा जमा लिया है। यह कस्बा खारकीव से 90



किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, जो यूक्रेन और रूस की सीमा से बहुत ज्यादा दूर नहीं है। यूक्रेन की सेना का दावा है कि उसने चकालोवस्के कस्बे को भी रूसी मिलिट्री के कब्जे से वापस ले लिया है। इसके अलावा अब रणनीतिक रूप से अहम प्रांत इजियम पर सबकी नजरें हैं। रूसी रक्षा मंत्रालय की ओर से रविवार को एक मैप जारी किया गया था, जिसमें यह बताया गया था कि खारकीव के ज्यादातर हिस्से से रूस की सेना निकल गई हैं। हालांकि उसके अलावा कोई टिप्पणी रूसी सेना की ओर से नहीं की गई थी। यूक्रेन के टॉप कमांडर वलेरी जालुझिनयी ने एक टेलीग्राम पोस्ट में कहा, %हम खारकीव के दक्षिण और पूर्व में ही नहीं बल्कि उत्तर में भी बढ़ रही है। राज्य की सीमा तक पहुंचने के लिए अब 50 किलोमीटर तक की ही दूरी बची है। उन्होंने कहा कि अब तक हमने 3,000 स्क्वेयर किलोमीटर के इलाके को वापस ले लिया है और अब यह यूक्रेन के कंट्रोल में है।

## वर्ष-2024 की मकर संक्रांति के दिन अयोध्या में विराजमान होंगे रामलला

### -श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र की बैठक में बड़ा फैसला

**अयोध्या।** भगवान श्री राम की जन्मस्थली अयोध्या में भव्य राम मंदिर के निर्माण का कार्य तेजी से चल रहा है। निर्माण कार्य की देख रेख कर रही श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई है। इस बैठक में कई बड़े निर्णय लिए गए हैं। इसी बैठक में एक बड़ा फैसला लिया गया है। इस फैसले से राम भक्त बेहद खुश हो जाएंगे। जानकारी के मुताबिक 2024 की मकर संक्रांति के दिन रामलला विराजमान होंगे। इसके अलावा राम मंदिर परिसर में 7 और नए मंदिर बनाए जाएंगे। इन मंदिरों को बनाने के लिए सहमति बन गई है। मंदिर के बजट को बढ़ाकर 1800 करोड़ कर दिया गया है। इसके अलावा यह भी बताया गया है कि मंदिर निर्माण का कार्य 40 फ़ीसदी पूरा हो गया है। आगे भी तेज गति से काम किया जा रहा है।



बैठक के बाद राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा कि श्री राम जन्मभूमि ट्रस्ट की बैठक हुई। हमने राम मंदिर के निर्माण खर्च पर चर्चा की और यह अनुमानित रूप से 1800 करोड़ रुपये था जिसे बाद में बदला जा सकता था। अन्य देवी-देवताओं के स्थान भी तय हुए है। यह बैठक फैजाबाद सर्किट हाउस में आयोजित किया गया था। बैठक के बाद हयाता गया कि इसमें सर्वसम्मति से यह फैसला किया कि राम जन्मभूमि परिसर में हिंदू धर्म से जुड़ी महान विभूतियों और साधु-संतों की प्रतिमाओं को भी स्थान दिया जाएगा।

लंबे अरसे तक सोच विचार और राम मंदिर निर्माण से जुड़े सभी लोगों के तमाम सुझावों पर आज की बैठक में ट्रस्ट से जुड़े नियम कायदों और बाइलॉज को अंतिम रूप दिया गया है। इस बैठक में ट्रस्ट के 15 में से 14 सदस्यों ने हिस्सा लिया जिनमें निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र, ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास, कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरी, उडुपी पीठाधीश्वर विश्व तीर्थ प्रसन्नाचार्य प्रमुख रूप से शामिल थे। राम जन्मभूमि परिसर में भव्य मंदिर का निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है और इसके दिसंबर 2023 तक बनकर तैयार हो जाने का अनुमान है व मंदिर में जनवरी 2024 (मकर संक्राति) तक भगवान राम लला की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा हो जाने की संभावना है।

# एशिया कप जीतने पर श्रीलंकाई टीम को मिले 1.20 करोड़ रुपए

## उपविजेता पाक को मिले 60 लाख रुपए

**दुबई** । एशिया कप के 15 वें सत्र की विजेता टीम श्रीलंका को जीत पर 1.50 लाख डॉलर यानि 1.20 करो? रुपए की ईनामी राशि मिली है। वहीं उपविजेता श्रीलंकाई टीम को 75000 हजार डॉलर यानी लगभग 60 लाख रुपए मिले हैं। श्रीलंकाई लेग स्पिनर और ऑलराउंडर वानिंदु हसारंगा को शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द सीरीज का अवार्ड मिला। पुरस्कार वितरण समारोह में बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली भी मौजूद थे। पूर्व भारतीय क्रिकेटर गौतम गंभीर ने एशिया कप को टी20 विश्व कप के बाद का सबसे ब?ा टूर्नामेंट बताया। उन्होंने कहा कि एशिया में भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, अफगानिस्तान और बांग्लादेश जैसी मजबूत टीमें हैं। यह अब तक का सबसे संघर्षपूर्ण एशिया कप साबित हुआ।



एशिया कप के फाइनल में श्रीलंकाई टीम ने पाक को 23 रन से हराया है। श्रीलंका ने आठ साल बाद पहली बार खिताब जीता है। यह उसका छठा एशिया कप खिताब है। अब तक सबसे ज्यादा सात बार भारतीय टीम जबकि दो बार पाक टीम ने यह खिताब जीता था। श्रीलंका ने फाइनल में भानुका राजपक्षे के नाबाद 71 रन की पारी की सहायता से पहले खेलते हुए 6 विकेट पर 170 रन बनाए। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए पाक टीम 20 ओवर में 147 रन ही बना पायी।

## सहवाग , शोएब और चोपड़ा सहित कई खिलाड़ियों ने एशिया कप जीतने पर श्रीलंका को बधाई दी

**दुबई** । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग सहित कई खिलाड़ियों ने टी20 एशिया कप जीतने पर श्रीलंकाई टीम को बधाई दी है। सहवाग ने ट्वीट किया, अच्छा खेला श्रीलंका, एशिया कप के योग्य चैंपियन।वहीं पाकिस्तान टीम के पूर्व कप्तान शोएब मलिक ने अपनी टीम की हार के बाद पाक टीम में चल रहे दोस्तीवाद पर प्रतिक्रिया दी। अपने ट्वीट में उन्होंने लिखा, फ़हम दोस्ती, पसंद-नापसंद की संस्कृति से कब बाहर आएंगे। वहीं, पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने लिखा, किसने सोचा होगा कि बाबर आजम से बेहतर औसत के साथ बाबर हयात इस टूर्नामेंट का अंत करेंगे ? आजम के लिए एक पूरी तरह से भूलने योग्य टूर्नामेंट। इसके अलावा आईपीएल खेल चुके जसकरन सिंह ने कू करते हुए लिखा, हार कर जीतने वाले को बाजीगर कहा जाता है। अफगानिस्तान से अपना पहला मैच हारने के बाद श्रीलंकाई टीम चैंपियन की तरह खेली और विजेता बनी। श्रीलंका एशिया कप की अधिकारी है। विश्व कप से ठीक पहले एशिया कप विजेता होने से श्रीलंका का मनोबल काफी ऊपर जाएगा। अगर पहला मैच छोड़ दिया जाए तो यह टीम चैंपियन की तरह खेली है। इसके अलावा पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज वसीम जाफर ने इंस्टाग्राम पर एक मजाकिया वीडियो शेयर करते हुए श्रीलंका की टीम को बधाई दी है। इस वीडियो में देखा जा सकता है कि एक एथलीट रेस में दौड़ने के लिए निकलती है, लेकिन उसका जूता निकल जाता है, फिर भी वो विजेता बन जाती है। ऐसा ही कुछ श्रीलंका के साथ हुआ। टीम पहला मैच हारी, लेकिन इसके बाद लगातार पांच मैच टीम ने जीते और एशियाई चैंपियन बनी।

### न्यूज़ ट्रैक....

## अल्काराज ने रूड को हराकर अमेरिकी ओपन टेनिस का एकल खिताब जीता

**न्यूयार्क** । स्पेन के 19 साल के युवा खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने अमेरिकी ओपन टेनिस खिताब जीत लिया है। अल्काराज ने पुरुष एकल फाइनल में नॉर्वे के कैस्पर रूड को 6-4, 2-6, 7-6, 6-3 से पराजित किया। दोनो के बीच ही यह मुकाबला करीब सवा तीन घंटे तक चला। इस जीत के साथ ही अल्काराज विश्व में नंबर एक खिलाड़ी भी बन गये हैं। इस सत्र में अल्काराज की यह 51वीं जीत है। इसी के साथ ही वह पूर्व अमेरिकी दिग्गज पीट सम्प्रास के बाद अमेरिकी ओपन जीतने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी भी बने हैं। सम्प्रास ने साल 1990 में सबसे कम उम्र में यह खिताब जीतने का रिकार्ड बनाया था। इसके अलावा अनुभवी खिलाड़ी राफेल नडाल के बाद अल्काराज स्पेन की ओर से सबसे दूसरे सबसे कम उम्र के खिताब विजेता बने हैं। नडाल ने साल 2005 में फ्रेंच ओपन का खिताब जीता था। इसके अलावा अल्काराज अपने कोच जुआन कार्लोस फेरेरो, कार्लोस मोया और राफेल नडाल के बाद विश्व में नंबर वन खिलाड़ी बनने वाले स्पेन के चौथे खिलाड़ी हैं।



न्यूयार्क में चेक गणराज्य की कैटरीन शियानाकोवा व बारबोरा क्रिसीकोवा उत्साहित नजर आयीं।

## क्रिकेटर नहीं होते तो सेना में होते भुवनेश्वर कुमार

**नई दिल्ली** ।भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार सिंह के अनुसार अगर वह क्रिकेटर नहीं होते तो सेना में जाते क्योंकि परिवार के कई लोगों के सेना में होने के कारण बचपन में वह सेना में जाना चाहते थे पर समय के साथ ही क्रिकेट में रुची जगी और उसके बाद से ही वह क्रिकेट के होकर रह गये। उसके बाद से ही वह आगे बढ़ते चले गये। भुवनेश्वर ने हाल में में एशिया कप में केवल चार ओवर में पांच विकेट लेकर टी20 क्रिकेट में सबसे अधिक विकेट लेने का रिकॉर्ड भी अपने नाम किया है। वह यजुवेंद्र चहल को पीछे छोड़कर टी20 अंतरराष्ट्रीय में भारत के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने हैं। इसके अलावा एक से ज्यादा बार पांच विकेट लेने वाले भी वह पहले भारतीय गेंदबाज हैं। भुवनेश्वर ने 22 साल की उम्र में टी20 टीम में चुने जाने का श्रेय अपने माता-पिता के साथ-साथ ही अपनी बड़ी बहन को भी दिया है। भुवी के अनुसार उनके घरवाले शुरू में उनके क्रिकेट खेलने के खिलाफ थे। उनका मानना था कि पढ़-लिखकर ही जीवन में आगे बढ़ने के मौके हासिल होते हैं, लिहाजा उन्हें पढ़ाई को पूरा समय देने के बाद ही क्रिकेट खेलने की इजाजत थी।

### होलकर स्टेडियम में चमकेंगे क्रिकेट सितारें

## रोड़ सेफ्टी क्रिकेट वर्ल्ड सीरीज का इन्दौर में होगा आगाज

### 17 से 19 सितम्बर 3 दिन 5 मैचों में 8 टीमें 15 स्टार क्रिकेटरों के साथ उतरेगी मैदान में

**इन्दौर** । सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुकता लाने तथा दुर्घटना होने पर कैसे लोगों की मदद करें यह संदेश लोगों तक पहुंचाने के मकसद से इन्दौर के होलकर स्टेडियम में विश्व के एक से बढ़कर एक क्रिकेट के धूरंधर क्रिकेट खेलते नजर आएंगे। इन धुरंधरो में हंड्रेड टेस्ट क्लब के 9 मेंबर भी खेलेंगे। क्रिकेट वर्ल्ड के इन सितारा क्रिकेटरों का यह रोमांच तीन दिनों यानी 17 से 19 सितम्बर तक देखने को मिलेगा। पहला मैच इंग्लैंड लीजेंडस तथा वेस्ट इंडीज लीजेंडस के बीच 17 को दोपहर 3.30 बजे से और दूसरा मैच अफ्रीका लीजेंडस ओर श्रीलंका लीजेंडस के बीच फ्लड लाइट में शाम 7.30 बजे से खेला जाएंगा। 8 टीमें तीन दिन में 5 मैच में खेलेंगी इसमें सचिन, लारा समेत 15 से ज्यादा स्टार क्रिकेटर है, जिनमें 9 ऐसे है जिन्होंने 100 से अधिक टेस्ट मैच खेले है। ये सब यहां नजर आएंगे। प्रदेश की औद्योगिक राजधानी इन्दौर में दो साल बाद फिर से क्रिकेट का रोमांच शुरू होने वाला है। आगामी 4 अक्टूबर को होने वाले भारत-अफ्रीका मैच से पहले रोड सैफ्टी वर्ल्ड सीरीज के 5 मैच से शहर में अच्छा माहौल बन जाएंगा। सचिन तेंदुलकर, ब्रायन लारा समेत कई स्टार क्रिकेटर इन्दौर में खेलने आ रहे है। सचिन ने अपने वन डे केरियर के 10 हजार रन बनाने का रिकार्ड इन्दौर में ही बनाया है। बीते कई दशकों से जिन खिलाड़ियों को दर्शकों ने मैदान पर नहीं देखा है वह खिलाड़ी मैदान पर होंगे, जिनमें मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर, युवराज सिंह ,हरभजन सिंह, यूसुफ पठान, सुरेश रैना ,ब्रायन लारा ,जोंटी रोड्स, रॉस टेलर, सनथ जयसूर्या ,ब्रेट ली ,जैसे दिग्गज खिलाड़ी इस सीरीज में क्रिकेट खेलते हुए नजर आएंगे।

### हंड्रेड टेस्ट क्लब के ये 9 मेंबर होंगे शामिल

बता दें कि जो खिलाड़ी अपने क्रिकेट कैरियर में 100 या इससे भी ज्यादा टेस्ट खेल लेता है तो वह हंड्रेड क्लब में शामिल हो जाता है। विश्व क्रिकेट में ऐसे कई खिलाड़ी है जो इस क्लब के मेंबर है। इन्दौर में अलग अलग टीमो के 9 मेंबर पहली बार एक साथ खेलते दिखेंगे।

## विलियमसन बल्लेबाजी पर ध्यान देने एक प्रारुप की कप्तानी छोड़ें : एडम्स

**ऑकलैंड** । न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर आंद्रे एडम्स ने कहा है कि कप्तान केन विलियमसन को अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान देने के लिए एक प्रारूप की कमान किसी और को सौंप देनी चाहिये। विलियमसन पिछले कुछ समय से फार्म में नहीं है। वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ केर्न्स में अब तक खेले गए दो एकदिवसीय मैचों में एक बार भी पचास रन नहीं बना पाये।

विलियमसन पिछले साल विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) खिताब के बाद से ही कोहनी की चोट के कारण खराब दौर से गुजर रहे हैं। ऐसे में एडम्स ने कहा कि विलियमसन को अपनी फॉर्म फिर से हासिल करने के प्रयास में एक प्रारूप में खेलना छोड़ने के बारे में सोचना चाहिए। एडम्स ने एक टेस्ट, 42 एकदिवसीय और चार टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। उन्होंने कहा, पिछले कुछ वर्षों में परिवार और बच्चों के साथ सब कुछ बदल गया है। यह आपके रुख को थोड़ा बदल देता है। जब आप कम उम्र के छोटे होते हैं तो आप सब कुछ कर सकते हैं। तीन प्रारूप तब कोई समस्या नहीं होते पर समय के साथ इसमें बदलाव आता है।

उन्होंने आगे कहा, जिस तरह से बल्लेबाज रॉस टेलर के कप्तानी छोड़ने के बाद उनकी बल्लेबाजी बेहतर हुई थी। उसी प्रकार विलियमसन की बल्लेबाजी में भी सुधार आयेगा। इसका कारण यह है कि हम सभी मनुष्य, जीवन और परिप्रेक्ष्य में परिवर्तन होते हैं। ऐसे में यह निर्भर करता है कि एक क्रिकेटर के रूप में आप अपने जीवन चक्र में कहां हैं।

## मियांदाद ने अफगानिस्तान टीम को आड़े हाथों लिया

**लाहौर** । पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान जावेद मियांदाद ने एशिया कप के सुपर-फोर मैच में खराब व्यवहार के लिए अफगानिस्तान क्रिकेट टीम को जमकर फटकारा है। इस मैच में जहां पाकिस्तान और अफगानिस्तान के खिलाड़ियों आसिफ अली और गेंदबाद फरीद अहमद के बीच तनातनी रही। वहीं मैच के बाद दर्शकों में भी जमकर संघर्ष हुआ। इस मैच में पाक बल्लेबाज आसिफ ने आउट होने के बाद अफगानिस्तान के फरीद को मारने के लिए अपना बल्ला तक उठा लिया था।




जगरेब में महिलाओं की 400 मीटर बाधा दौड़ में भाग लेती हुई जमेका की रसल व अन्य प्रतियोगी।

### व्यापार न्यूज

## डॉलर के मुकाबले रुपया 10 पैसे टूटा



**मुंबई** । शेयर बाजारों में सकारात्मक शुरुआत के बावजूद रुपया सोमवार को शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 10 पैसे की गिरावट के साथ 79.67 पर आ गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 79.66 पर खुला और फिर गिरकर 79.67 पर आ गया। इस तरह रुपया ने पिछले बंद भाव के मुकाबले 10 पैसे की गिरावट दर्ज की। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 12 पैसे की तेजी के साथ 79.57 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.23 प्रतिशत गिरकर 108.75 पर आ गया। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 1.49 प्रतिशत गिरकर 91.46 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर था। शेयर बाजार के अस्थाई आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशकों ने शुक्रवार को 2,132.42 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे।

## हिंदुस्तान कॉपर का उत्पादन बढ़ाकर 1.22 करोड़ टन करने का लक्ष्य

**नई दिल्ली** । सरकारी स्वामित्व वाली हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड (एचसीएल) की अपने विस्तार के पहले चरण में 2028-29 तक तांबा अयस्क उत्पादन को बढ़ाकर 1.22 करोड़ टन सालाना करने की योजना है। वित्त वर्ष 2021-22 में कंपनी का तांबा अयस्क उत्पादन 35.7 लाख टन था। कंपनी ने कहा कि एचसीएल की योजना अपने मौजूदा उत्पादन को अगले सात से आठ साल में बढ़ाकर पहले चरण में 1.22 करोड़ टन प्रतिवर्ष करने कर है। पहले चरण की क्षमता विस्तार योजना के तहत कंपनी उत्पादन को बढ़ाकर 2.02 करोड़ टन प्रतिवर्ष करना चाहती है। कंपनी ने बंद पड़ी खदानों को फिर से खोलने, सिंहभूम कॉपर बेल्ट ऑफ इंडियन कॉपर कॉम्प्लेक्स में नई भूमिगत खदान के विकास के लिए कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। कंपनी का कारोबार 2021-22 में 2.92 प्रतिशत बढ़कर 1,812.21 करोड़ रुपए हो गया जो इससे पिछले वित्त वर्ष में 1,760.84 करोड़ रुपए था।

# सेंसेक्स फिर 60 हजार के पार, निफ्टी 17,900 पर पहुंचा

### निफ्टी मिडकैप और स्मॉलकैप में भी तेजी

**मुंबई** । एशियाई बाजारों में तेजी और विदेशी कोषों की आवक जारी रहने से सप्ताह के पहले दिन सोमवार को शुरुआती कारोबार के दौरान शेयर बाजारों में तेजी देखी गई। इस दौरान लगातार तीसरे सत्र में बढ़त के साथ 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 274.07 अंक चढ़कर 60,067.21 पर पहुंच गया। इसी तरह व्यापक एनएसई निफ्टी 79.45 अंक बढ़कर 17,910.50 पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स में टेक महिंद्रा, इंफोसिस, बजाज फिनसर्व, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा स्टील और आईसीआईसीआई बैंक बढ़ने वाले प्रमुख शेयरों में शामिल थे। दूसरी ओर एचडीएफसी, डॉ रेड्डीज, एलएंडटी, एशियन पेंट्स और कोटक बैंक में गिरावट हुई। अन्य एशियाई बाजारों में जापान के बाजार सकारात्मक रुख के साथ कारोबार कर रहे थे, जबकि चीन और दक्षिण कोरिया में बाजार छुट्टियों के चलते बंद थे। आज के कारोबार में शुरुआत से ही सभी सेक्टर में बढ़त दिख रही थी, लेकिन निफ्टी मीडिया और निफ्टी आईटी सेक्टर ने सबसे ज्यादा बढ़त बनाई है। मेटल सेक्टर के स्टॉक्स में भी तेजी दिख रही है। इस बीच अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.38 प्रतिशत फिसलकर 91.53 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर आ गया। शेयर बाजार के अस्थाई आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशक ने शुक्रवार को शुद्ध रूप से 2,132.42 करोड़ के शेयर खरीदे।

### अमेरिका और यूरोपी बाजारों में रही तेजी

**मुंबई** । अमेरिका में ब्याज दरों में बढ़ोतरी की घोषणाओं के बावजूद निवेशकों का रुख अच्छा बना हुआ है। पिछले महीने के शुरुआती झटकों के बाद निवेशक अब वापस बाजार में लौट आए हैं और जमकर खरीदारी कर रहे हैं यही कारण है कि पिछले सत्र अमेरिका के प्रमुख शेयर बाजारों में शामिल नेस्डेक पर 2.11 फीसदी का जबरदस्त उछाल दिखा। अमेरिका की तर्ज पर यूरोपीय बाजारों में भी पिछले सत्र में तेजी रही। यूरोप के प्रमुख शेयर बाजारों शामिल जर्मनी का स्टॉक एक्सचेंज 1.43 फीसदी की बढ़त पर बंद हुआ तो फ्रांस के शेयर बाजार में भी पिछले कारोबारी सत्र में 1.41 फीसदी का उछाल दिखा। इसके अलावा लंदन स्टॉक एक्सचेंज भी 1.23 फीसदी की बड़ी बढ़त के साथ बंद हुआ था।

## पैसेंजर वाहनों की थोक बिक्री में 21 प्रतिशत का इजाफा

**नई दिल्ली।** अगस्त महीने में पैसेंजर वाहनों (पीवी) की थोक बिक्री में सालाना आधार पर 21 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। वाहनों की यह मांग सेमीकंडकर सप्लाई में सुधार और फेस्टिव सीजन के चलते बढी है। वाहन बनाने वाली कंपनियों के संगठन सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) द्वारा जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। आंकड़ों के अनुसार, पिछले महीने डीलरों को 2,81,210 यात्री वाहनों की सप्लाई की गयी थी, जबकि अगस्त 2021 में यह आंकड़ा 2,32,224 इकाई था। सियाम ने कहा कि यात्री कारों की थोक बिक्री पिछले महीने 23 प्रतिशत बढ़कर 1,33,477 इकाई हो गई है। एक साल पहले की इसी समय यह 1,08,508 इकाई थी।इसके अलावा यूटिलिटी वाहनों की आपूर्ति अगस्त में 20 प्रतिशत बढ़कर 1,35,497 इकाई पर पहुंच गई है, जबकि एक साल पहले इसी महीने में यह 1,12,863 इकाई थी। इसी तरह पिछले महीने कुल दोपहिया वाहनों की थोक बिक्री 16 प्रतिशत बढ़कर 15,57,429 इकाई हो गई है। अगस्त 2021 में यह 13,38,740 इकाई थी। वहीं, पिछले महीने मोटरसाइकिल की थोक बिक्री भी 23 प्रतिशत बढ़कर 10,16,794 इकाई हो गई है। पिछले साल अगस्त माह में इसकी 8,25,849 इकाई बिकी थीं।सियाम ने कहा कि पिछले महीने 10 प्रतिशत की बढ़त के साथ 5,04,146 स्कूटरों की बिक्री हुई। अगस्त 2021 में यह संख्या 4,60,284 इकाई थी।

सियाम के अनुसार इस साल अगस्त में सभी सेगमेंट में बिक्री 18 प्रतिशत बढ़कर 18,77,072 इकाई पर पहुंच गई है। पिछले साल अगस्त माह में यह आंका 15,94,573 इकाई का था। संगठन ने कहा कि सेमीकंडकर की कमी में सुधार और फेस्टिव सीजन की मांग के चलते सप्लाई में तेजी आई है।

## सोने की कीमतों में गिरावट

**मुंबई** । सप्ताह की शुरुआत सोने की कीमतों में गिरावट के साथ देखने को मिल रही है। हालांकि चांदी फिलहाल हरे निशान पर कारोबार कर रही है। सोमवार को एमसीएक्स पर सोना लाल निशान में खुला। जिसके ब 24 कैरेट सोने का भाव लगभग 125 रुपए की गिरावट के साथ लगभग 50,400.00 रुपए प्रति दस ग्राम पर चल रहा है। वहीं चांदी की कीमत मामूली बढ़त के साथ 55085.00 रुपए प्रति किलोग्राम है। पिछले हफ्ते सोने और चांदी की कीमतों में तेजी देखने को मिली। एक वेबसाइट के मुताबिक पिछले सप्ताह 22 से 26 अगस्त की शुरुआत में 24 कैरेट सोने की कीमत 50,770 थी, जो शुक्रवार तक बढ़कर 50,877 रुपण् प्रति 10 ग्राम हो गई। वहीं 999 शुद्धता वाली चांदी की कीमत 53,363 से बढ़कर 54,700 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई। अब इस हफ्ते की शुरुआत सोने में गिरावट के साथ हुई है।

## टीसीएस और आरआईएल के शेयर धारकों की हफ्तेभर में हुई बल्ले-बल्ले

**नई दिल्ली** । गुजरा सप्ताह भारतीय शेयर बाजार के काफी उम्मीदों भरा रहा। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स इंडेक्स 989.81 अंक या 1.68 फीसदी तक उछल गया। इस दौरान सेंसेक्स की टॉप-10 कंपनी में से सात के मार्केट कैपिटलाइजेशन (एमकैप) में 1,33,746.87 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ, इस दौरान सबसे ज्यादा फायदे में रतन टाटा के नेतृत्व वाली टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीएसीएस) और मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज (आरआईएल) के निवेशक रहे।




पिछले सप्ताह टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का मार्केट कैप 32,071.59 करोड़ रुपये बढ़कर 11,77,226.60 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। जबकि दूसरे नंबर में रिलायंस इंडस्ट्रीज रही और इसके एमकैप में 26,249।1 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई। इस तेजी के बाद कंपनी का मार्केट कैपिटलाइजेशन बढ़कर 17,37,717.68 करोड़ रुपये हो गया। तीसरे नंबर पर इंफोसिस फायदे में रही। इसके इन्वेस्टर्स की संपत्ति में 24,804.5 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी दर्ज की गई। इसके साथ ही कंपनी का मार्केट कैप बढ़कर 6,36,143.85 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

बीते सप्ताह फायदे में रही अन्य कंपनियों की बात करें तो आईसीआईसीआई बैंक का एमकैप 20,471.04 करोड़ रुपये की उछाल के साथ 6,27,823.56 करोड़ रुपये हो गया, जबकि भारतीय स्टेट बैंक की मार्केट वैल्यू 15,171.84 करोड़ रुपये बढ़कर 4,93,932.64 करोड़ रुपये हो गई है। इस अवधि में एशिया के सबसे अमीर इंसान गौतम अडानी की कंपनी ने भी अपने निवेशकों का जमकर फायदा कराया।

सेंसेक्स की टॉप-10 फर्मों में शामिल अडानी ट्रांसमिशन का मार्केट कैप 7,730.36 करोड़ रुपये बढ़कर 4,38,572.68 करोड़ रुपये हो गया। एचडीएफसी बैंक की बाजार हैसियत 7,248.44 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी के साथ 8,33,854.18 करोड़ रुपये रही। फायदे में रहीं सात कंपनियों के अलावा जिन टॉप-10 में शामिल जिन तीन कंपनियों के शेयरहोल्डर्स को घाटा हुआ है, वो एचयूएल, एचडीएफसी और बजाज फाईनेंस हैं। बीते सप्ताह जहां हिंदुस्तान यूनिलीवर का मार्केट कैप 3,618.37 करोड़ रुपये घटकर 6,08,074.22 करोड़ रुपये पर आ गया, वहीं एचडीएफसी की मार्केट वैल्यू 2,551.25 करोड़ रुपये की गिरावट के साथ 4,41,501.9 करोड़ रुपये रह गई। इसके आलवा बजाज फाइनेंस का एमकैप 432.8 करोड़ रुपये घटकर 4,34,913.2 करोड़ रुपये रह गया। मार्केट कैपिटलाइजेशन के हिसाब से देखें तो इस बार भी मुकेश अंबानी के नेतृत्व वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड सेंसेक्स की टॉप-10 कंपनियों की लिस्ट में पहले पायदान पर रही। इसके बाद दूसरे नंबर पर रतन टाटा की टीसीएस, तीसरे स्थान पर एचडीएफसी बैंक, चौथे पर इन्फोसिस, पांचवे पर आईसीआईसीआई बैंक, छठे पायदान पर हिंदुस्तान यूनिलीवर, सातवें पर एसबीआई, आठवें पर एचडीएफसी, नौंवे पर अडानी ट्रांसमिशन और 10वें स्थान पर बजाज फाइनेंस रही।

## योग गुरु रामदेव की चार कंपनियां लाएंगी आईपीओ

**नई दिल्ली** । योग गुरु रामदेव की 4 कंपनियों का आईपीओ आने वाला है। उन्होंने एक सामाचार चैनल से वार्ता के दौरान ये बात कही। रामदेव ने बताया कि जिन कंपनियों का आईपीओ लाने की योजना है उनके नाम पतंजलि आयुर्वेद, पतंजलि वेलनेस, पतंजलि मेडिसिन और पतंजलि लाइफस्टाइल है। ये आईपीओ अगले 5 साल के अंदर आएंगे। रामदेव की एक अन्य कंपनी, पतंजलि फूड्स पहले से शेयर बाजार में लिस्टेड है। दरअसल, पतंजलि आयुर्वेद ने 2019 में रुचि सोया का अधिग्रहण किया था जो एक लिस्टेड कंपनी थी। इसी साल रुचि सोया का नाम बदलकर पतंजलि फूड्स कर दिया गया। यह सौदा करीब 4,300 करोड़ रुपए का था। शुक्रवार को पतंजलि फूड्स के शेयर 1380.35 रुपए पर बंद हुए थे। कारोबार के दौरान बीएसई पर ये शेयर 1400 रुपए तक पहुंचा था जो इसका 52 हफ्तों का सर्वोच्च स्तर है। सोमवार को शुरुआती कारोबार में इसके शेयरों में बेहद मामूली बढ़त दिख रही है। कंपनी की योजना 15 लाख एकड़ से अधिक जमीन पर पाम की खेती करने की है! कंपनी अगले 5-7 साल में इस कारोबार से 2 हजार करोड़ रुपये का सालाना का लाभ बनाने का लक्ष्य कर रही है। कंपनी ने 31 अगस्त को अरुणाचल प्रदेश में ऑयल पाम मिल की आधारशिला रखी थी। कंपनी राज्य के 9 जिलो में पाम के पेड़ लगाएगी। गौरतलब है कि एक पेड़ से करीब 40 साल तक तेल निकल सकता है। बाबा रामदेव का कहना है कि वह पतंजलि फूड्स को कर्ज मुक्त रखना चाहते हैं।

# पोल डांस न सिर्फ मेरी फिटनेस का हिस्सा, बल्कि मेरा मेडिटेशन भी है: कृति खरबंदा



अभिनेत्री कृति खरबंदा के लिए पोल डांस सिर्फ फिटनेस नहीं है, बल्कि, ये उनके लिए ध्यान का काम भी करता है। कृति ने बताया, आज यह न केवल मेरी फिटनेस का हिस्सा बन गया है, बल्कि मेरे ध्यान का भी हिस्सा बन गया है। पोल डांस केवल एक शारीरिक क्रिया नहीं है, बल्कि अत्यंत ध्यानपूर्ण है। आपको 100 प्रतिशत ध्यान केंद्रित करना है वरना आप गिर जाएंगे और खुद को बुरी तरह से घायल कर लेंगे।

कृति ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर एक पोल डांसिंग वीडियो शेयर कर लोगों को चौंका दिया है। उन्हें ऐसा करने के लिए क्या प्रेरित किया? हाउसफुल 4 की अभिनेत्री ने जवाब दिया: जब मैंने हाउसफुल साइन की, तो मुझे साइज में आने की जरूरत थी। पहली पोल डांसिंग क्लास के लिए मैं गई थी, मुझे लगा कि मेरा हाथ गिरने वाला है, मेरे पैरों में चोट लग गई थी। लेकिन जब मैं आई घर, मुझे लगा कि मैंने कुछ ऐसा हासिल कर लिया है जिसके बारे में मैंने कभी नहीं सोचा था कि यह संभव होगा। उस भावना ने मुझे बार-बार पोल पर वापस ला दिया। अभिनेत्री का कहना है कि पोल डांस एक ऐसी चीज है जो वह पूरी तरह से अपने लिए करती है, लेकिन जरूरत पड़ने पर वह किसी फिल्म में अपने कौशल का प्रदर्शन करने से भी गुरेज नहीं करेंगी। उनका कहना है, ईमानदारी से कहूं तो पोल डांस एक ऐसा काम है जो मैं अपने लिए करती हूं। मैंने इस एजेंडा के साथ पोल डांस नहीं सीखा या इसमें शामिल नहीं हुई कि मेरे पास एक कौशल होना चाहिए और मुझे प्रदर्शन करने में सक्षम होना चाहिए। लेकिन ऐसा कहने के बाद, भी अगर मुझे अवसर मिलेगा तो मैं न नहीं कहूंगी और मैं इसे पर्दे पर करना पसंद करूंगी। कृति ने हाल ही में बॉलीवुड में 12 साल पूरे किए हैं। यह पूछे जाने पर कि उन्हें किन चुनौतियों का सामना करना पड़ा और उनका समग्र अनुभव क्या था, अभिनेत्री ने जवाब दिया: मैंने बेहद युवा और भोलेपन से अभिनय किया। जबकि 12 साल एक लंबे समय की तरह लगता है, मेरे लिए यह बस उड़ गया है। मैंने बहुत कुछ सीखा और हासिल किया है और मैं इसके लिए आभारी हूं। एकमात्र चुनौती जिसका मैंने सामना किया, कभी-कभी जब चीजें आपके तरीके से काम नहीं करती हैं, तो आप अपनी क्षमता पर सवाल उठाते हैं। पिछले चार या पांच साल सिर्फ उत्पादक और अत्यंत फलदायी नहीं रहे हैं। मुझे इस बात पर गर्व है कि मैं कहां हूं ,आज खड़ी हूं और उन सभी संघर्षों और कठिनाइयों पर गर्व करती हूं जिनका मैंने सामना किया।

काम के मोर्चे पर, कृति अगली बार 23 जुलाई को रिलीज होने वाली डिजिटल फिल्म 14 फेरे में दिखाई देंगी। फिल्म के बारे में बात करते हुए, उन्होंने कहा: 14 फेरे एक बहुत ही प्रासंगिक सामाजिक पारिवारिक कॉमेडी ड्रामा है। इसमें सब कुछ थोड़ा सा है। फिल्म के पोस्टर से, जिसमें रोका समारोह दिखाया गया है, यह एक साधारण प्रेम कहानी प्रतीत हो सकती है। लेकिन स्पष्ट रूप से ऐसा नहीं है, सब कुछ बहुत ही ट्विस्टेड होने वाला है। यह एक बहुत ही दिलचस्प फिल्म है जिसे आप अपने परिवार के साथ बैठकर देख सकते हैं। फिल्म में, कृति ने अदिति नाम की एक लड़की की भूमिका निभाई है, जो संजय से प्यार करती है, जिसे विक्रांत मैसी ने निभाया है। अपने सह-कलाकार के साथ अपनी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री के बारे में बात करते हुए, कृति ने साझा किया।

## शिल्पा शेट्टी के लेटेस्ट तस्वीर ने ढाया कहर



एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी अक्सर अपने लुक्स को लेकर लाइमलाइट में रहती है। एक्ट्रेस जो भी लुक कैरी करती है उसमें परफेक्ट लगती है। फैंस एक्ट्रेस की खूबसूरती के दीवाने हैं। हाल ही में शिल्पा ने अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जो खूब वायरल हो रही हैं। तस्वीरों में शिल्पा महरून टॉप और ब्राउन स्कर्ट में नजर आ रही है। इसके साथ एक्ट्रेस ने हील पहनी हुई है। मिनिमल मेकअप और ओपन हेयर्स से एक्ट्रेस ने अपने लुक को कम्पलीट किया हुआ है। इस लुक में शिल्पा बेहद हॉट लग रही है। एक्ट्रेस की तस्वीरें देख फैंस दीवाने हो गए हैं। फैंस इन तस्वीरों पर खूब प्यार लुटा रहे हैं। डांस रियलिटी शो 'सुपर डांसर चैप्टर 4' को जज कर रहीं शिल्पा शेट्टी कुंद्रा पिछले 14 सालों से फिल्मों से दूर थीं। लेकिन अब वह 'हंगामा 2' से वापसी कर रही हैं। हाल ही उनका इस फिल्म से 'चुरा के दिल मेरा' गाना भी रिलीज हुआ है, जो हिट हो गया है। शिल्पा शेट्टी ने अपने फिल्मी करियर से उस वक्त ब्रेक लिया जब वह पीक पर थीं। उस वक्त किसी को भी समझ नहीं आया कि आखिर शिल्पा ने फिल्में क्यों छोड़ीं। हंगामा 2 में एक्ट्रेस के साथ मीजान जाफरी और परेश रावल के साथ नजर आएंगी। ये फिल्म 23 जुलाई को रिलीज होगी। इसके अलावा शिल्पा फिल्म निकम्मा में भी दिखाई देगी।

# सलमान को टक्कर देने के लिए खूब मेहनत कर रहे हैं इमरान हाशमी



सलमान खान की फिल्म टाइगर की तीसरी इंस्टॉलमेंट को लेकर फैंस काफी एक्साइटेड हैं. फिल्म के दोनों इंस्टॉलमेंट्स 'एक था टाइगर' और 'टाइगर जिंदा है' को काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिला है. इस बार तीसरी इंस्टॉलमेंट में सलमान के अलावा कैटरीना कैफ और इमरान हाशमी लीड रोल में हैं. सलमान और कैटरीना तो पहले भी साथ काम कर चुके हैं, लेकिन पहली बार सलमान और इमरान काम करने वाले हैं. फिल्म में सलमान वहीं इंडियन स्पाई का किरदार निभाएंगे वहीं इमरान उनके दुश्मन का किरदार निभाएंगे और इसी वजह से फैंस दोनों की टक्कर देखने के लिए एक्साइटेड हैं. इमरान अपने किरदार के लिए और सलमान को टक्कर देने के लिए खूब मेहनत कर रहे हैं. इसी बीच इमरान ने अपनी एक फोटो शेयर की है जो उनके ट्रेनिंग के दौरान की है. इस दौरान इमरान के जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन देखकर आप भी अपनी नजरें नहीं हटा पाएंगे. इमरान ने मास्क पहना हुआ है और वह अपना रिप्पड बॉडी फ्लॉन्ट कर रहे हैं. फोटो शेयर करते हुए इमरान ने लिखा, सिर्फ शुरुआत हुई है. फैंस इमरान के इस पोस्ट पर कमेंट कर रहे हैं, टाइगर 3 में आपको देखने के लिए एक्साइडेट, तो किसी ने लिखा, टाइगर वर्सेस टाइगर. किसी ने लिखा, टाइगर 3 के लिए तगड़ी मेहनत. वहीं एक ने लिखा, सलमान और आपको साथ में देखने के लिए एक्साइटेड. इमरान ने सलमान के साथ काम करने को लेकर कहा था, 'सलमान के साथ काम करने में काफी मजा आएगा. उनके साथ काम करने का मेरा सपना था जो अब पूरा ह गया है.' मेकर्स टाइगर 3 के इंटरनेशनल शूट की तैयारी में बिजी हैं. 15 अगस्त के बाद टीम जाएगी. हालांकि अभी डेस्टिनेशन्स फाइनल नहीं किए गए हैं. हो सकता है फिल्म की शूटिंग यूरोप और मिडल ईस्ट में हो. वहीं फिल्म की शूटिंग शुरू करने से पहले मेकर्स टीम के सभी मेंबर्स को वैक्सीनेशन लगवाएंगे. सिर्फ वैक्सीन लगे लोग ही शूटिंग में शामिल होंगे. फिल्म के मेकर्स ने मुंबई के ग्राउंड में मिडल ईस्ट मार्केट का रेप्लिका का सेट बनाया था।

# सान्या मल्होत्रा फिर करेंगी राजकुमार राव के साथ एक्टिंग, 'हिट' के हिंदी रीमेक का ऐलान

आमिर खान की फिल्म दंगल से फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू कर चुकीं सान्या मल्होत्रा के लिए ये खबर किसी खुशखबरी से कम नहीं है. वो एक बार फिर राजकुमार राव के साथ काम करने जा रही हैं. इस फिल्म में वो उनकी हीरोइन होंगी. इससे पहले उन्होंने फिल्म लूडो में उनके साथ काम किया था लेकिन फिल्म में इस जोड़ी को ऑनस्क्रीन नहीं दिखाया गया था.



सान्या मल्होत्रा ने आज ऐलान किया कि वह चर्चित तेलुगु फिल्म 'हिट' के हिंदी रीमेक में राजकुमार राव के साथ नजर आएंगी. वर्ष 2020 में आयी 'हिट' एक पुलिसकर्मी की कहानी है जो एक लापता महिला की तलाश में निकलता है. मल्होत्रा ने कहा कि उन्होंने मूल तेलुगु फिल्म देखी है और इसकी कहानी बहुत दिलचस्प थी. सान्या मल्होत्रा ने एक बयान में कहा, "मैंने 'हिट' देखी है और मुझे फिल्म की कॉन्सेप्ट बहुत पसंद आया. जब मुझे फिल्म की पेशकश की गई तो मैंने तुरंत हां कर दी. यह एक बहुत ही रोचक और दिलचस्प कहानी है जो बड़े पैमाने पर दर्शकों तक पहुंचने की हकदार है. मैं इस फिल्म में और राज के साथ काम करने के लिए उत्साहित हूं." विश्वक सेन और रूहानी शर्मा की मुख्य भूमिका वाली "हिट" का निर्देशन शैलेश कोलानु ने किया था, जो हिंदी संस्करण को भी निर्देशित करेंगे. हिंदी रीमेक की जल्द ही शूटिंग शुरू हो जाएगी. इस फिल्म का निर्माण भूषण कुमार, दिल राजू, कृष्ण कुमार कर रहे हैं. मल्होत्रा को हाल में आयी "पगलैट" और "लूडो" में उनके कार्य के लिए प्रशंसा मिली. सान्या को बॉलीवुड में लकी कहा जा सकता है कि उन्होंने 2016 में आमिर खान की फिल्म दंगल से अपना करियर शुरू किया था और उसके बाद उन्होंने 2018 में विशाल भारद्वाज की फिल्म पटाखा में अपने काम से लोगों का दिल जीत लिया. 2018 में ही उन्होंने आयुष्मान खुराना के साथ फिल्म बधाई हो से सुर्खियां बटोरीं. 2019 में नवाज के साथ फोटोग्राफ, 2020 में विद्या बालन की फिल्म शकुंतला देवी, फिर लूडो और 2021 में पगलैट से उन्होंने साबित कर दिया है कि उनकी एक्टिंग से प्रभावित होकर उन्हें हमेशा बड़े चेहरों के साथ काम करने का मौका मिला है।

## डेब्यू के समय ही राधिका मदान को मिली सर्जरी की सलाह



बॉलिवुड में अक्सर चर्चा होती है कि ऐक्टर्स अपने लुक्स के लिए कई बार सर्जरी का सहारा लेते हैं। कुछ ऐक्टर्स इस बात को स्वीकार करते हैं कि उन्होंने कॉस्मेटिक सर्जरी का सहारा लिया है जबकि कुछ इससे इनकार करते हैं। कुछ ऐक्टर्स ऐसे भी होते हैं जिन्हें कई बार कॉस्मेटिक सर्जरी का सहारा लेने की सलाह फिल्ममेकर्स देते रहते हैं मगर वे उससे इनकार कर देते हैं। हाल में ऐक्ट्रेस राधिका मदान ने अपना एक ऐसा ही एक्सपीरियंस शेयर किया है। राधिका मदान टीवी से फिल्मों में आई थीं। ऐसे में वह अलग-अलग फिल्मों के लिए ऑडिशंस दे रही थीं। राधिका ने कहा, 'मुझसे कहा गया कि मुझे एक खास शेप और साइज में होना चाहिए और इसके लिए मुझे सर्जरी की जरूरत है।' राधिका को लगता था कि वह काफी खूबसूरत हैं। उन्होंने कहा, 'मुझे तो मैं बहुत सही लगती हूं। कौन हैं ये लोग कहने वाले कि मैं खूबसूरत नहीं हूं। अगले 1.5 साल तक मुझे कोई काम नहीं मिलता। ऐसे में खुद पर शक होने लगता है। मगर मुझे पता था सफर कठिन होगा इसलिए मैं ऑडिशंस को इंजॉय करने की पूरी कोशिश करने लगी। जल्द ही मुझे अपनी पहली फिल्म मिल गई।' राधिका ने बताया कि एक समय ऐसा भी आया कि उन्हें अपने किरदार के लिए एक ही महीने के भीतर 12 किलो वजन बढ़ाना था और फिर इसे कम भी करना था। राधिका ने इसके लिए काफी मेहनत की। ऐसी ही मेहनत उन्हें फिल्म 'मर्द को दर्द नहीं होता' के लिए ऐक्शन सीन्स फिल्माने में भी की थी।

# बच्चों के खान-पान और पढ़ाई के अलावा खिलौनों पर भी दें ध्यान



प्रत्येक खिलौने पर लेबल लगा होता है। लेबल खेल सामग्री, चेतावनियों और खिलौनों को संभालने के तरीके के बारे में जानकारी प्रदान करता है। खिलौने खरीदते समय लेबल को ध्यान से पढ़ें। यह आपको वह जानकारी प्राप्त करने में मदद करता है जो आपको खेलने के लिए आवश्यक है। समाप्ति तिथि भी महत्वपूर्ण है। आप जानते हैं कि कब खेलना बंद करना है। रिबन या तार-बच्चे खेलते समय गलती से अपने मुंह में रिबन लगा सकते हैं। अगर रिबन पेट में चला जाए तो यह सेहत के लिए हानिकारक हो सकता है। इस जोखिम को देखते हुए, खिलौनों से अतिरिक्त रिबन या तार काट दें। सबसे अच्छा उपाय यह है कि रिबन वाले खिलौने न खरीदें।

खिलौने का आकार-छोटे आकार के खिलौने बच्चों के लिए खतरनाक हो सकते हैं। छोटे आकार के खिलौने बच्चों के मुंह में जा सकते हैं। इसलिए खिलौने खरीदते समय आपको खिलौनों के आकार पर ध्यान देना चाहिए।

बैटरी से चलने वाले खिलौने-बच्चों के लिए ज्यादातर खिलौने बैटरी से चलने वाले होते हैं। ज्यादातर बच्चों को खिलौनों की बैटरी काटने की आदत हो जाती है। यह आदत बच्चों के स्वास्थ्य पर हानिकारक प्रभाव डाल सकती है। इसलिए बेहतर होगा कि बैटरी से चलने वाले खिलौने न खरीदें।

हेलमेट- हेलमेट पहनना बड़ों की सुरक्षा के लिए उतना ही जरूरी है जितना कि बच्चों के लिए। यदि आपके बच्चे साइकिल, स्कूटर, बाइक, स्केटबोर्ड का उपयोग कर रहे हैं, तो उन्हें हेलमेट दें। सुरक्षा के लिए हेलमेट जरूर पहनना चाहिए।

# सिर की जूँ से छुटकारा पाने के कुछ आसान उपाय

**जूँ एक परजीवी जानवर हैं। जो सिर के बालों के अंदर घोंसला बनाता है। सिर में हर समय खुजली रहती है। यह काफी असहज और परेशान करने वाला भी है। पुरुषों की तुलना में महिलाओं में जूँ अधिक आम हैं। फिर, यह बच्चों के लिए एक बहुत बड़ी समस्या बन जाती है। क्योंकि बड़ों की तरह वे अपना ख्याल नहीं रख सकते। ऐसे में अभिभावकों के लिए यह चिंता का विषय है। जूँ वास्तव में एक प्रकार का कीट है। जो स्कैल्प, गर्दन और बालों से चिपक जाता है। उनका भोजन मानव रक्त है। वे एक तिल के बीज के आकार के बारे में हैं। ये सिर्फ 8 से 10 दिनों में अंडे दे सकते हैं।**



जूँ आसानी से एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में जा सकते हैं। कुछ लोग जिनके सिर पर जूँ हैं, उनके बालों में जूँ हो सकती हैं, भले ही वे कंघी, हेयर क्लिप और टोपी का उपयोग करें। जूँ बालों के अलावा कपड़े, कंघी से भी लंबे समय तक जीवित रह सकते हैं। उन्हें नंगी आंखों से देखा जा सकता है। वे सफेद, भूरे और भूरे रंग के होते हैं। इसके अंडे गोल और अंडाकार आकार के होते हैं। जो बालों में चिपक जाती है। यह हानिकारक कीट नहीं है। हालांकि, इसके काटने से सामान्य खुजली से लेकर एलर्जी तक हो सकती है। इससे सिर पर रैशेज, लालिमा और सूजन भी हो सकती है। सिर की जूँ की घटनाओं को कम करने के लिए डॉक्टर से परामर्श लें। आप बिना स्कूल जाए या बिना कुछ दिन घर पर रह सकते हैं। डॉक्टर द्वारा दिए गए जूँ रोधी स्प्रे या साबुन, शैम्पू का नियमित रूप से उपयोग करें। इस्तेमाल किए गए बिस्तर, तकिए के कवर, गर्म पानी में भीगे हुए कपड़े धोएं। इसे अच्छे से साफ कर लें।

इसके अलावा, बालों की जूँ से छुटकारा पाने के लिए कुछ घरेलू उपचार भी हैं। चलो पता करते हैं।

- इसके लिए कुछ मेयोनेज़, सफेद सिरका और चाय के पेड़ के तेल की कुछ बूंदों के साथ मिश्रण बनाएं। अब इसे बालों की जड़ों से सिरे तक आधे घंटे के लिए अच्छे से लगाएं। फिर शैम्पू को हटा दें।
- पतले दांतों वाली कंघी का इस्तेमाल कर सकते हैं। प्राचीन मिस्र के लोग जूँ से छुटकारा पाने के लिए लकड़ी से बनी बहुत पतली दांतों वाली कंघी का इस्तेमाल करते थे। बालों को शैंपू करने के बाद इस कंघी से बालों को अच्छे से ब्रश करें। जूँ बहुत दूर चली जाएगी।
- आप पेट्रोलियम जेली का उपयोग कर सकते हैं। यह आपके बालों को थोड़ा चिपचिपा बना सकता है। आपको कई बार शैंपू करने की भी जरूरत पड़ेगी। हालांकि, यह जुओं को खत्म करने में काफी कारगर होता है।
- नारियल का तेल त्वचा और बालों के लिए बहुत फायदेमंद होता है, यह तो लगभग सभी को पता है। ब्राजील में 2010 के एक अध्ययन में पाया गया कि यह प्राकृतिक रूप से जूँ को खत्म करने में भी बहुत प्रभावी है। आप इसमें थोड़ा सा टी ट्री ऑयल या लौंग का तेल मिलाकर इस्तेमाल कर सकते हैं। ऐसे में आपको शुद्ध नारियल तेल का इस्तेमाल करना होगा। शोधकर्ताओं का दावा है कि 80 प्रतिशत जूँ उपयोग के 4 घंटे के भीतर मर जाएंगे।
- नीम के तेल का इस्तेमाल किया जा सकता है। इसकी महक बहुत तेज होती है और जुओं की समस्या हो सकती है। अध्ययनों से पता चला है कि नीम के तेल सहित तेलों में बहुत तेज गंध होती है। ये जुओं से छुटकारा पाने में बहुत कारगर होते हैं।
- आप सफेद सिरके का उपयोग कर सकते हैं। थोड़ा सिरका पानी में मिलाकर पूरे बालों पर लगाएं। 30 से 40 मिनट तक प्रतीक्षा करें और धो लें। एक समय में एक दिन का प्रयोग करें।

### सावधान

- एक ही उपाय या दवा का एक से अधिक बार प्रयोग न करें। यदि खुराक खत्म होने के बाद भी जूँ दूर नहीं होती हैं, तो दूसरे का उपयोग करें।
- बच्चों के मामले में बिना डॉक्टर की सलाह के किसी भी तरह के केमिकल प्रोडक्ट का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए।
- जूँ की दवा का उपयोग करते समय कंडीशनर का उपयोग करने से बचना चाहिए। कंडीशनर जूँ खाना। जो इसे और लंबी उम्र देगा।
- बड़े जूँ के मरने के बाद भी इसके अंडे बालों से चिपक सकते हैं। उन्हें कंघी से ब्रश करें और त्यागें। अंडे फिर से बच्चे के बालों में जूँ पैदा कर सकते हैं।
- गीले बाल न बांधें।
- बाल और सिर की त्वचा को साफ रखें।

## लिज ट्रस का रुख

भारतीय मूल के ऋषि सुनक तो ब्रिटेन के प्रधानमंत्री नहीं बन पाए। लेकिन जिन लिज ट्रस ने यह बाजी मारी है, उनका रुख भी भारत को लेकर बहुत गर्मजोशी भरा रहा है। कंजर्वेटिव पार्टी की नवनिर्वाचित नेता और भावी प्रधानमंत्री लिज ट्रस ब्रिटेन के उन वरिष्ठ राजनेताओं में शामिल हैं, जिन्हें भारत-ब्रिटेन के रणनीतिक तथा आर्थिक संबंधों को और बेहतर बनाने के लिये जाना जाता है। वह ट्रस ही थीं, जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय व्यापार मंत्री रहने के दौरान पिछले साल मई में बोरिस जॉनसन के नेतृत्व वाली सरकार के लिए वृहद व्यापार साझेदारी (ईटीपी) पर मुहर लगवाई। यही ईटीपी अब चल रही मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) बातचीत के लिए शुरुआती आधार के तौर पर काम कर रही है। ट्रस ने भारत की यात्राएं की हैं और वह वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल के साथ डिजिटल वार्ता भी कर चुकी हैं। इस दौरान उन्होंने देश को बड़ा, प्रमुख अवसर करार दिया था। ईटीपी पर हस्ताक्षर के बाद ट्रस ने कहा था मैं बनते व्यापार परिदृश्य में ब्रिटेन और भारत को एक बेहतरीन स्थिति में देख रही हूं। उन्होंने कहा कि हम एक व्यापक व्यापार समझौते पर विचार कर रहे हैं जिसमें वित्तीय सेवाओं से लेकर कानूनी सेवाओं के साथ-साथ डिजिटल और डेटा समेत वस्तुएं और कृषि तक सब कुछ शामिल हैं। हमें लगता है कि हमारे शीघ्र एक समझौता करने की प्रबल संभावना है, जहां हम दोनों ओर शुल्क घटा सकते हैं और दोनों देशों के बीच अधिक वस्तुओं का आयात-निर्यात होते देख सकते हैं। विदेश मंत्री के तौर पर अपनी पदोन्नति के बाद ट्रस ने अंतरराष्ट्रीय व्यापार विभाग (डीआईटी) की कमान एनी मेरी ट्रेवेलयन को सौंप दी थी। यह उम्मीद की जा रही है कि वह (ट्रेवेलयन) अंतरराष्ट्रीय व्यापार मंत्री की अपनी भूमिका में ब्रिटेन-भारत एफटीए वार्ता पर आगे बढ़ेंगी। टोरी नेता के तौर पर निर्वाचित होने के लिए पूर्व ब्रिटिश वित्त मंत्री ऋषि सुनक के साथ अपने मुकाबले के दौरान ट्रस ने पार्टी के कंजर्वेटिव फ्रेंड्स ऑफ इंडिया (सीएफआईएन) प्रवासी समूह के समक्ष कहा था कि वह द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए बेहद प्रतिबद्ध रहेंगी। उन्होंने भारत-ब्रिटेन एफटीए के लिए भी अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की और उम्मीद जताई की दिवाली तक इसे पूरा करने की कोशिश की जाएगी, जो समयसीमा उनके पूर्ववर्ती बोरिस जॉनसन ने निर्धारित की थी। ट्रस ने कहा कि अगर तब तक संभव न हो सका तो निश्चित तौर पर साल के अंत तक इसे पूरा कर लिया जाएगा। ट्रस ने रूस और चीन की आक्रामकता के खिलाफ अपने स्वतंत्रता के नेटवर्क लक्ष्यों को पूरा करने के लिए हिंद-प्रशांत क्षेत्र के साथ रक्षा और सुरक्षा सहयोग पर बार-बार सहमति जताई है। इस साल के आरंभ में विदेश नीति को लेकर एक अहम वक्तव्य में उन्होंने घोषणा की थी कि रूस और चीन साथ मिलकर काम कर रहे हैं, क्योंकि वे कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसी प्रौद्योगिकियों में मानकों को स्थापित करने का प्रयास करते हैं। संयुक्त सैन्य अभ्यासों के माध्यम से पश्चिमी प्रशांत महासागर और घनिष्ठ संबंधों के माध्यम से अंतरिक्ष में अपना प्रभुत्व जमाते हैं। ट्रस के अनुसार, चीन और रूस ने एक वैचारिक शून्यता की स्थिति ढूंढी है और उनकी नजर इसे भरने पर है। वे काफी उत्साहित हैं। हमने शीत युद्ध के बाद से ऐसा नहीं देखा है। स्वतंत्रता के समर्थक लोकतांत्रिक देशों के रूप में हमें इन खतरों का सामना करने के लिए तैयार होना चाहिए। उन्होंने कहा कि नाटो के साथ-साथ हम ऑस्ट्रेलिया, भारत, जापान, इंडोनेशिया और इजरायल जैसे साझेदारों के साथ काम कर रहे हैं ताकि स्वतंत्रता के वैश्विक नेटवर्क का निर्माण किया जा सके।

# कहो तो कह दूं: ई ओ डब्लू और लोकायुक्त वालो अब नोट गिनने वाली मशीन खरीद ही लो ..

चैतन्य भट्ट

इतने बड़े बड़े डिपार्टमेंट है लोकायुक्त और ईओडब्लू, भारी भरकम बजट है दोनों ही डिपार्टमेंटों का द्य कई दर्जन अफसर और कर्मचारी तैनात हैं लेकिन गरीबी तो देखो एक अदद नोट गिनने वाली मशीन नहीं खरीद पा रहे हैं, जबकि नोट गिनने वाली मशीन चार हजार से लेकर चालीस हजार तक कीमत वाली बाजार में अवेलेबल है ,। अब आप पूछोगे कि इनको नोट गिनने वाली मशीन की क्या जरूरत है तो आये दिन जिस किसी के घर पर छापे पड़ रहे है एक दो करोड़ से नीचे के नोट तो मिल ही नहीं रहे हैं जिस घर को खखोलों वंही नोटों की गड्डियां जमी जमाई अवस्था में मिल जाती हैं अब करोड़ों रूपये गिनना तो किसी भी आदमी के लिए संभव है नहीं, तो फिर बैंकों से नोट गिनने वाली मशीने बुलाना पड़ती है बैंक वाले भी अपने ग्राहकों को छोड़कर ऑटो कर के छापे वाली जगह पंहुचते है और फिर गिनती शुरू होती है दो नंबर के माल की द्य अब अपने एक धर्म गुरु बिशप जी को ले लो। बरसों से क्या क्या नहीं कर रहे थे लेकिन उनका कुछ नही बिगड़ रहा था करोडो रूपये दबा कर बैठे थे, सुना तो ये भी है कि बिशप जी ने एक प्राइवेट प्लेन भी खरीद लिया था जिसमें वे बैठकर दो नंबर के पैसो से विदेश यात्राएं करते थे । जब छापा पड़ा तो घर में नोटों का ढेर देखकर ईओडब्लू वाले भी चकरा गए तुरत फुरत में बैंक से नोट गिनने वाली मशीन बुलाई गयी और जब नोटों की संख्या सामने आई तो भाई साहेब घर में ही पौने दो करोड़ रुपया रखे हुए थे , और खोज बीन हुई तो ये बात सामने आई कि बेटे को एक स्कूल का प्रिंसिपल बना दिया था द्य इस मामले में अपन बिशप जी के साथ खड़े हैं द्य हर बाप अपने बेटे को कंही न कंही सेटिल करना चाहता है सो वो ही बिशप जी ने किया, जब सारे अधिकार उनके ही हाथों में थे तो बेटे को प्रिंसिपल बनाना कौन सा कठिन काम था सो बना दिया इसमे ऐतराज नहीं करना चाहिए द्य वैसे अपने को तो अभी तक ये मालूम था कि धर्म गुरु लालच से दूर रहने की, मोह माया त्यागने की दीक्षा देते हैं उन्हें दुनिया की कोई भी चीज आकर्षित नहीं करती लेकिन ये बिशप जी तो लक्जरी कारों, सोने चांदी के जेवरातों और विदेश यात्राओं के भारी शौक़ीन निकले । हाँ तो बात हो रही थी लोकयुक्तऔर ईओडब्लू डिपार्टमेंट के लिए नोट गिनने वाली मशीन खरीदने की तो इन दोनों डिपार्टमेंटों के आला अफसरों को अपनी एक ही सलाह है कि तत्काल सरकार के पास एक मांग पत्र भेजो कि हम दोनों को कम से कम पांच पांच नोट गिनने वाली मशीने खरीदने की अनुमति दी जाए क्योंकि आज कल हर भ्रष्टाचारी के पास इतना माल निकल रहा है कि एक दो मशीने तो नोट गिनते गिनते दम तोड़ देती हैं उनकी बैटरी डाउन हो जाती है, इसलिए अब भविष्य में जिस किसी के घर या दफ्तर में छापा मारने जाओ कम से काम आधा दर्जन नोट गिनने वाली मशीन लेकर जान।

### आओ हम मिलकर निर्देश निर्देश खेलें

इन दिनों पूरे प्रदेश में एक ही खेल चल रहा है और वो है ÷निर्देश÷ देने का । जिस अखबार को उठा लो चार चार पांच पांच कालम में एक ही खबर रहती है कि अमुक अफसर ने अपने अधीनस्तों को निर्देश दे दिए हैं द्य अकेले अफसर छोडो मंत्री से लेकर मुख्य मंत्री तक इस खो खो रुपी खेल में शामिल हैं ।जैसे खो खो में रुमाल पहला दूसरे को देता हैं दूसरा तीसरे को और तीसरा तीसरा चौथे को देता हैं वैसा ही यंहा भी चल रहा है द्य मुख्यमंत्री मंत्री को निर्देश देते हैं, मंत्री प्रमुख सचिव को निर्देश ट्रांसफर कर देता है, प्रमुख सचिव सचिव को, सचिव उप सचिव को, उप सचिव संभागीय आयुक्त



को, संभागीय आयुक्त कलेक्टरों को, कलेक्टर अतितिक्त कलेक्टर को, अतिरिक्त कलेक्टर, एसडीएम या डिप्टी कलेक्टर को, डिप्टी कलेक्टर तहसीलदार को, तहसीलदार नायब तहसीलदार को, नायब तहसीलदार रेवेन्यू इन्स्पेक्टर को, रेवेन्यू इन्स्पेक्टर पटवारी को निर्देश दे देता है अपना मानना है कि जब मुख्यमंत्री से चला निर्देश पटवारी और बाबू तक ही पंहुचना है तो इतनी बड़ी चैन की जरूरत ही क्या है मुखूयमंत्री सीधे पटवारी या बाबू को निर्देश दे दें इससे टाइम की भी बचत होगी और कम से कम बाबू या पटवारी जिम्मेवार तो होगा द्य अभी तो कोई जिम्मेदारी लेने तैयार नहीं है जब पूछा जाता है कह देते हैं हमने तो निर्देश दें दिए थे द्य अभी ऊर्जा सचिव जबलपुर आये हमेशा की तरह मीटिंग ली अफसरों की, दो दिन में पच्चीसों निर्देश दे दिए कि ऐसा करना है वैसा करना है द्य स्टाफ है नहीं सामान है नहीं, अकेले निर्देश से क्या होने वाला हैद्य वैसे निर्देश देने में अपने शहर की नगर निगम के निगमायुक्त का कोई मुकाबला नहीं है, जब से वो आये है तब से लेकर अब तक करीब दस से बीस हजार निर्देश तो वे चुके है उनका एक ही रूटीन है निर्देश देना, काम हुआ या नहीं इससे उनका कोई लेना देना नहीं है । बहुत जल्द निर्देश देने के मामले में उनका नाम ÷गिनीज बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकार्ड÷ में आनेवाला हैद्य उनकी टीम जल्द ही जबलपुर आएगी और उनका इंटरव्यू लेकर उनसे ये ही पूछेगी कि निर्देश देने के लिए आप इतनी ऊर्जा लाते कंहा से हो द्य

### तो क्या गलत कर दिया

इस बात पर लोगो को बड़ा ऐतराज हो गया कि इंदौर के शासकीय आयुर्वेद कॉलेज की ÷बीएएमएस बेचलर ऑफ़ आयुर्वेदिक मेडिसिन एंड सर्जरी÷ की परीक्षा के लिए एक संस्कृत की गेस्ट टीचर को प्रेक्टिकल परीक्षा में परीक्षक बना दिया द्य लोगों को ऐतराज इस बात पर हैं कि प्रेक्टिकल में सम्बंधित विषय के विशेषज्ञ को रखा जाता है लेकिन एक संस्कृत के टीचर को कैसे परीक्षक बना दिया ,अब इनको कौन समझाए कि आयुर्वेद में श्लोकों का बड़ा महत्त्व होता है और ये सारे श्लोक संस्कृत में ही होते है इसलिए यदि संस्कृत की टीचर परीक्षा लेने पंहुच भी गई तो कौन सा गुनाह हो गया और फिर पूरे प्रदेश में जब सब कुछ उलटा पुल्टा चल रहा है तो थोड़ा बहुत उलटा पुल्टा उधर भी हो गया तो क्या हो गया द्य अब जबलपुर की स्मार्ट सिटी को ही देख लो एक डिप्टी कलेक्टर को सीईओ बना कर बैठा दिया है जिनके पास कोई तकनिकी ज्ञान नहीं है , कैसी सडक बनानी है, उसमें कितनी सीमेंट कितनी रेत मिलानी चाहिए उससे उनका दूर दूर तक का वास्ता नहीं है, लेकिन बागडोर उनके हाथों में है द्य बिजली जो एकदम टेक्नीकल सब्जेक्ट है उसकी बागडोर आईएएस अफसरों के हाथ में है जिन्हे फ्यूज बदलने के लिए कह दो तो वे दौड़ लगा देंगे द्य स्वास्थ विभाग जंहा डाक्टर विभाग का मुखिया होना चाहिए।

## ज्ञेय और ज्ञान का संबंध

दर्शन के क्षेत्र में ज्ञान और ज्ञेय की मीमांसा चिरकाल से होती रही है। आदर्शवादी और विज्ञानवादी दर्शन ज्ञेय की स्वतंत्र सत्ता स्वीकार नहीं करते। वे केवल ज्ञान की ही सत्ता को मान्य करते हैं। अनेकांत का मूल आधार यह है कि ज्ञान की भांति ज्ञेय की भी स्वतंत्र सत्ता है। द्रव्य ज्ञान के द्वारा जाना जाता है, इसलिए वह ज्ञेय है। ज्ञेय चैतन्य के द्वारा जाना जाता है, इसलिए वह ज्ञान है। ज्ञेय और ज्ञान अन्योन्याश्रित नहीं हैं। ज्ञेय है, इसलिए ज्ञान है और ज्ञान है इसलिए ज्ञेय है, इस प्रकार यदि एक के होने पर दूसरे का होना सिद्ध हो तो ज्ञेय और ज्ञान दोनों की स्वतंत्र सत्ता सिद्ध नहीं हो सकती। द्रव्य का होना ज्ञान पर निर्भर नहीं है और ज्ञान का होना द्रव्य पर निर्भर नहीं है। इसलिए द्रव्य और ज्ञान दोनों स्वतंत्र हैं। ज्ञान के द्वारा द्रव्य जाना जाता है, इसलिए उनमें ज्ञेय और ज्ञान का संबंध है। ज्ञेय अनंत है और ज्ञान भी अनंत है। अनंत को अनंत के द्वारा जाना जा सकता है। जानने का अगला पर्याय है कहना। अनंत को जाना जा सकता है, कहा नहीं जा सकता। कहने की शक्ति बहुत सीमित है। जिसका ज्ञान अनावृत्त होता है, वह भी उतना ही कह सकता है जितना कोई दूसरा कह सकता है। भाषा की क्षमता ही ऐसी है कि उसके द्वारा एक बार में एक साथ एक ही शब्द कहा जा सकता है। हमारे ज्ञान की क्षमता भी ऐसी है कि हम अनंतधर्मा द्रव्य को नहीं जान सकते। हम अनंत-धर्मात्मक द्रव्य के एक धर्म को जानते हैं और एक ही धर्म का प्रतिपादन करते हैं। एक धर्म को जानना और एक धर्म को कहना नय है। यह अनेकांत और स्याद्वाद का मौलिक स्वरूप है। उनका दूसरा स्वरूप है प्रमाण। अनंत-धर्मात्मक द्रव्य को जानना और उसका प्रतिपादन करना प्रमाण है। हम अनंतधर्मा द्रव्य को किसी एक धर्म के माध्यम से जानते हैं। इसमें मुख्य और गौण दो दृष्टिकोण होते हैं।

## भारत में कुटुंब सबसे छोटी इकाई होकर भी अतुलनीय शक्ति वाली है

प्रहलाद सबनानी

ब्रिटेन एवं अन्य विकसित देशों में शादियों के पवित्र बंधन टूटने की घटनाएं बहुत बड़ी मात्रा में हो रही हैं, तलाक की संख्या में लगातार हो रही वृद्धि को देखते हुए ब्रिटेन की भूतपूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती मार्ग्रेट थेचर ने एक बार कहा था कि क्यों न ब्रिटेन भी भारतीय विवाह मूल्यों को अपना ले क्योंकि भारतीय हिंदू समाज में तो तलाक की घटनाएं लगभग शून्य रहती हैं। भारत में तो शादी के पवित्र बंधन को इस जन्म में ही नहीं बल्कि आगे आने वाले सात जन्मों तक निभाने की कसमें खाई जाती हैं।

आज भारतीय संस्कृति पूरे विश्व में बहुत महान एवं प्राचीन मानी जा रही है। भारतीय संस्कृति के मूल में एकात्म का भाव छुपा है। हम सब में ईश्वर का वास है और भारत में सनातन हिंदू संस्कृति के संस्कारों को सीखने की परम्परा समाज की सबसे छोटी इकाई अर्थात परिवार एवं कुटुंब से प्रारम्भ होती है।

प्राचीन भारत में तो कुटुंब प्रबोधन के सम्बंध में नियमों को गुरूकुल में सिखाया जाता था। वर्ष 1823 तक भारत में 750,000 गुरूकुल थे। परंतु दुर्भाग्य से विदेशी आक्राताओं द्वारा इन समस्त गुरुकुलों को नष्ट कर दिया गया और हमारी आने वाली पीढ़ियां महान भारतीय संस्कृति को आगे बढ़ाने में सफल नहीं हो सकी। इस विश्व को, इस देश को, इस समाज को बचाने की शुरुआत तो अपने परिवार से ही करनी होगी। अच्छी आदतों को अपने घर से ही प्रारम्भ करना होगा। केवल उपदेश देने से काम चलने वाला नहीं हैं। आज के परिवारों में माता पिता को चाहे एक ही संतान हो, उसे भी अमेरिका अथवा अन्य किसी विकसित देश में पढ़ने एवं रोजगार के लिए भेज देते हैं और स्वयं वृद्ध आश्रम में रहते लगते हैं। इसलिए आज आश्यकता इस बात की है कि हम अपनी युवा पीढ़ी को हमारे देश के महापुरुषों की जानकारी दें, सनातन हिंदू संस्कृति एवं महान संस्कारों की जानकारी दें, हमारे समृद्ध इतिहास की जानकारी दें। तिलक लगाना, अपने से बड़ों का चरण स्पर्श करना, बुज़ुर्गों से आशीर्वाद लेना, आदि यह सब हमारे संस्कारों में हुआ करता है। प्राचीन भारत में परिवारों में यह प्रथा थी कि भोजन को ग्रहण



करने के पहिले 5 कौर निकालते थे (एक कौर गाय माता के लिए, एक कौर कौवे के लिए, एक कौर श्वान के लिए, आदि) तब परमात्मा को भोग लगाया जाता था और फिर भोजन ग्रहण किया जाता था। लगभग प्रत्येक परिवार में यज्ञ किए जाने की प्रथा का पालन होता था। गांव में बेटी की शादी होने की स्थिति में गांव के समस्त परिवार मिलकर उस शादी की व्यवस्था करते थे। जैसे वह बेटी किसी विशेष परिवार की न होकर पूरे गांव की बेटी हो। साथ ही, इस शादी में होने वाले पूरे खर्च का सभी परिवार मिलकर वहन करते थे। मातृशक्ति का सम्मान तो भारतीय संस्कृति के मूल में है। माताओं को देवी के रूप माना जाता रहा है।

हाल ही के समय में यह ध्यान में आता है कि अन्य देश भारतीय संस्कारों एवं परम्पराओं को अपनाते जा रहे हैं परंतु हमारी युवा पीढ़ी पाश्चात्य संस्कारों की ओर आकर्षित होती जा रही है। भारत में भी कहीं कहीं परिवार टूट रहे हैं, भारतीय संस्कार कहीं पीछे छूट रहे हैं। भाई-भाई, पिता-पुत्र, पिता-बेटी, भाई-बहिन के बीच पारिवारिक सम्पत्ति को लेकर कोर्ट-कचहरी में केस हो रहे हैं। इसलिए आज समाज के हर वर्ग को आपस में जोड़ने की आवश्यकता है। सनातन हिंदू संस्कृति की मूल भावना ही आपस में जोड़ने की है। परिवार बचेगा तभी यह देश भी बचेगा।

पश्चिमी संस्कारों में निजता हावी है। निजता का भाव किसी के साथ सामंजस्य स्थापित नहीं कर पता है। इसलिए वहां सामूहिक जीवन का अभाव दिखाई देता है। अतः इन देशों में शादी के कुछ समय पश्चात ही पति-पत्नि के बीच तलाक की परिणती दिखाई देती है। इसके ठीक विपरीत भारत में सामूहिक जीवन है। समाज में परिवार/गृहस्थ एक केंद्र बिंदु अथवा धुरी के रूप में उपस्थित रहता है। परिवार बढ़ने पर नए सदस्यों का सदैव स्वागत किया जाता है। परिवार में पशु पक्षियों को भी शामिल किया गया है। इसलिए। बिल्ली को मौसी, नदी को माता, धरती को माता, गौ को माता, अग्नि को सखा आदि की संज्ञा दी गई। ÷वसुधेव कुटुम्बकम÷ के सिद्धांत को माना गया है अर्थात पूरे विश्व को ही अपना परिवार माना जाता है। भारत में इसलिए परिवार नामक संस्था को बहुत महत्व दिया जाता है।

# भारत 'छोड़ो से जोड़ो' तक कांग्रेस

### सूडोकु नवताल- 6191

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 7 | | 1 | 5 | 4 | | 9 |
| | 8 | | | | | | 2 | |
| | | 1 | | 4 | 8 | | | 6 |
| | 6 | | | 9 | 7 | 1 | | |
| 7 | 2 | | | | | | 5 | 3 |
| | | 5 | 6 | 3 | | | 9 | |
| 5 | | | 8 | 2 | | 3 | | |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 1 | | 3 | 7 | 5 | | 2 | 6 | 8 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.


### सूडोकु नवताल -6190 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 8 | 1 | 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 9 |
| 2 | 3 | 7 | 8 | 9 | 6 | 1 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 3 | 7 | 5 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 4 | 7 | 6 | 9 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 |
| 1 | 5 | 8 | 3 | 6 | 4 | 9 | 2 | 7 |
| 8 | 6 | 2 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 1 |
| 7 | 1 | 5 | 2 | 8 | 9 | 3 | 6 | 4 |
| 3 | 4 | 9 | 6 | 1 | 7 | 8 | 5 | 2 |

ओम प्रकाश मेहता

भारत की सबसे वयोवृद्ध राजनीतिक पार्टी कांग्रेस का जोड़-तोड़-फोड़ और छोड़ से काफी निकट का संबंध रहा है भारत को अंग्रेजी सरकार से मुक्ति दिलाने में जहां इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रही, वहीं भारत को छोड़कर पाकिस्तान के निर्माण की भी यही जिम्मेदार रही और इन सभी महत्वपूर्ण घटनाओं में नेहरू परिवार का सबसे महत्वपूर्ण योगदान रहा, पंडित मोतीलाल नेहरू से लेकर उनकी चौथी पीढ़ी राहुल तक इन कार्यों में संलग्न रहे हैं आज जो राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा शुरू की है वह भी नेहरू परिवार की इसी श्रृंखला की एक कड़ी है।

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का जन्म भी पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्म के समय ही हुआ था, सर ए ओ ह्यूम द्वारा स्थापित इस राजनीतिक दल का मूल उद्देश्य राजनीतिक नहीं बल्कि देश को आजाद कराने का सामाजिक था,इसलिए पार्टी ने देश को अंग्रेज राज से मुक्त कराने में अहम भूमिका निभाई तथा बिना किसी व्यक्तिगत स्वार्थ के नेताओं ने अपने आप को तन-मन-धन सेआत्मसमर्पित किया और सभी के त्याग व बलिदान की बदौलत अंग्रेजों को भारत छोड़कर जाना पड़ा, इसके लिए 1942 में जबरदस्त भारत छोड़ो आंदोलन भी चलाया गया और 5 साल के सर्वोच्च त्याग व बलिदान पूर्ण आंदोलन के बाद देश को आजादी मिली। आजादी मिलने के तत्काल बाद भारत के इन भाग्यविधाताओं को देश के टुकड़े करने को मजबूर होना पड़ा जिसकी शुरुआत पाकिस्तान के बनने से हुई बाद में बांग्लादेश,म्यांमारजैसे देशों



का जन्म भी भारत को विभाजित कर हुआ। इसी संदर्भ में आज राहुल गांधी को भारत जोड़ो यात्रा पर देश पर राज कर रही भारतीय जनता पार्टी व्यंग कर रही है कि यदि भारत छोड़ो आंदोलन या यात्रा को सही अर्थों में चलाना ही है तो पाकिस्तान या बांग्लादेश में चलाया जाना चाहिए तथा भारत से अलग हुए इन भू भागो को वापस भारत के साथ जोड़ा जाना चाहिए। जिससे कि राहुल के परनाना पंडित जवाहरलाल नेहरू द्वारा की गई गलती को सुधारा जा सके। उल्लेखनीय है कि राहुल गांधी ने आज अपने पिता स्वर्गीय राजीव गांधी के समाधि स्थल पेरंबदूर से कन्याकुमारी तथा वहां से श्रीनगर तक की 4 माह की भारत जोड़ो यात्रा प्रारंभ की है जो 4 महीनों में पूरी होगी। उनके साथ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता यात्रा में शामिल है। यद्यपि भारत छोड़ो यात्रा के राजनीतिक उद्देश्य तो काफी बनाए जा रहे हैं, जैसे व्यापक जनसंपर्क व आम लोगों की समस्याओं से अवगत होने जैसे हैं,किंतु इस यात्रा का मूल उद्देश्य दिनों दिन अपनी मृत्यु के मुख की ओर अग्रेषित कांग्रेसमें नई जान फूंकना है। इस यात्रा के माध्यम से जहां राहुल गांधी अपने आप को कांग्रेसका सर्वे सर्वानेता दिखाने की कोशिश कर रहे हैं और यह बताने का प्रयास कर रहे हैं कि गुलाम नबी आजाद जैसे वरिष्ठ नेताओं के पार्टी छोड़कर जाने से पार्टी पर कोई असर नहीं पड़ा है, राजनीति में परिवारवाद का दाग लगाने वालों को भी यह बताना चाहते हैं कि आज भी कांग्रेस जो कुछ है वह गांधी परिवार के कारण ही है। अब अपनी इस यात्रा के माध्यम से राहुल जी अपने इस उद्देश्य में कहां तक सफल होते हैं यह तो भविष्य के गर्भ में है किंतु इस यात्रा से कांग्रेस से भाग दौड़ कितनी रुक पाएगी? इसमें आशंका अवश्य दिखाई देती है, वैसे राहुल की इस यात्रा को गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में पड़ी अंतिम सांस की बाट जोहती कांग्रेस को प्राणवायु अवश्य मिल सकती है। यहां यह स्मरण करना भी समीचीन होगा कि भारत की आजादी हासिल होने के बाद महात्मा गांधी ने पंडित जवाहरलाल नेहरू से कहा था कि कांग्रेस का मूल उद्देश्य पूरा हो चुका है इसलिए अब इस पार्टी को खत्म कर देना चाहिए किन्तुपंडित नेहरूने राष्ट्रपति के इस परामर्श को मान्य नहीं किया और इसी के झंडे तले जवाहरलाल वह उनकी बेटी ने 17 सत्रह साल देश पर राज किया और आज उन्हीं के वंशज राहुल जी गांधी जी के परामर्श को फलीभूत करने में जुटे हैं और लगता है कि वे इसमें पूर्णता÷ सफलता भी प्राप्त कर लेंगे और उनके विरोधी पिछले 8 सालों से नेहरू इंदिरा को हीकोस कोसकर उनके कार्यकाल के कीर्तिमान को तोड़ने का प्रयास कर रहे हैं।

## समरकंद में समरबंद की कोशिश

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

उजबेकिस्तान के समरकंद में 15-16 सितंबर को शांघाई सहयोग संगठन के सदस्य-राष्ट्रों का जो शिखर-सम्मेलन होनेवाला है, वह दक्षिण और मध्य एशिया के राष्ट्रों के लिए विशेष महत्व का है। यों तो यह संगठन 2001 में स्थापित हुआ था लेकिन इस बार इसकी अध्यक्षता भारत करेगा। अपने अध्यक्षीय कार्यकाल में अब भारत को अन्य राष्ट्रों के साथ चीन और पाकिस्तान से भी सीधे-सीधे बातचीत करनी होगी। शायद यह भी कारण रहा हो कि चीन और भारत ने मिलकर पूर्वी लद्दाख से अपनी सेनाएं पीछे हटाने की घोषणा की है। यह शिखर सम्मेलन उजबेकिस्तान के एतिहासिक शहर समरकंद में होनेवाला है। समरकंद का भारत से गहरा संबंध रहा है। समरकंद का बड़ा एतिहासिक महत्व है। यों तो ताशकंद में प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री गए थे। भारत-पाक समझौते के बाद 1966 में वहीं उनका निधन हो गया था। प्रधानमंत्री नरसिंहराव ताशकंद के साथ-साथ समरकंद भी गए थे। उनके बाद कुछ दिनों तक मुझे भी वहां रहने का मौका मिला था। समरकंद के इस सुंदर शहर में यदि इन पड़ौसी राष्ट्रों के बीच विश्वसनीय सदभाव कायम हो जाए तो इनके बीच चल रहा कूटनीतिक और राजनीतिक समर बंद हो सकता है। समरकंद में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ, चीन के शी चिन फिंग और भारत के नरेंद्र मोदी की सामूहिक भेंट के अलावा यदि द्विपक्षीय भेंट हो गई तो उसके परिणाम काफी सकारात्मक हो सकते हैं। इन तीनों देशों के नेताओं की भेंट हुए अब तीन साल हो गए हैं। इस बीच भारत के संबंध इन देशों के साथ काफी खटाई में पड़ गए हैं। शांघाई सहयोग संगठन के इस समय 8 सदस्य हैं- चीन, भारत, रूस, कजाकिस्तान, किरगिजिस्तान, ताज़िकिस्तान, उजबेकिस्तान और पाकिस्तान! इसके चार पर्यवेक्षक राष्ट्र हैं- ईरान, अफगानिस्तान, बेलारूस और मंगोलिया। छह राष्ट्र इसके साथ संवाद भागीदार (डॉयलॉग पार्टनर) हैं। इसमें मिस्त्र, सउदी अरब और क़तर भी शामिल होना चाहते हैं। इस संगठन का मुख्य लक्ष्य मजहबी कट्टरवाद, आतंकवाद और जातीय अलगाववाद से लड़ना है। इसका उद्देश्य आपसी सहयोग बढ़ाना भी है। ये सब लक्ष्य भारत के ही हैं और भारत इन्हें साकार करने में सदा सक्रिय रहता है। मेरी राय यह है कि यह संगठन जितना बड़ा बनता जा रहा है, इसकी लक्ष्य-प्राप्ति उतनी ही पतली होती जा रही है। फिर भी इसकी उपयोगिता तो है ही लेकिन हम ज़रा सोचें कि दक्षेस (सार्क) तो ठप्प पड़ा है और हम इस विरल संगठन के जरिए कितने आगे बढ़ पाएंगे? इसके लक्ष्य भी सीमित हैं। इसे चलने दें लेकिन इससे भी ज्यादा जरुरी है कि दक्षेस को फिर से जिंदा करना! वह सात साल से मृत पड़ा हुआ है।

# 11वें दिन पत्रकारो के धरने पर पहुंचे समाजसेवी और कांग्रेस नेता






## भोपाल के पत्रकार संजय पाठक भी धरने में हुए शरीक

**मुरैना।** मुरैना के कलेक्टर कार्तिकेयन के अभद्र रवैया से त्रस्त जिले के कर्मचारी और मीडिया कर्मियों तथा जनता के प्रति गैर जिम्मेदार व असंवेदनशील कार्यप्रणाली से मुक्ति दिलाने के लिए पत्रकारों द्वारा दिए जा रहे धरना को 11वे दिन शहर के समाजसेवी कांग्रेस पार्टी के शहर जिला अध्यक्ष एवं यूथ कांग्रेस के नेताओं सहित भोपाल के पत्रकार साथी गणों का समर्थन मिला और सभी ने इस धरना प्रदर्शन को समूचे जिले में एक मुहिम के रूप देने के लिए अपने अपने विचार रखे। दरअसल मुरैना जिले में जनता के प्रति गैर जिम्मेदार असंवेदनशील जिलाधिकारी कलेक्टर बी कार्तिकेयन की कार्यप्रणाली से असंतुष्ट पूरे जिले की जनता ही नहीं बल्कि कर्मचारी भी दुःखी हैं। उनकी अभद्र कार्यप्रणाली न केवल अधीनस्थ कर्मचारियों को कुंठित कर रही है बल्कि आमजन की समस्याओं के निदान के लिए मध्यस्थता करने वाली मीडिया भी उनकी हठधर्मिता का शिकार होती जा रही है। इसी समस्या से स्थाई निजात दिलाने के लिए जिले के पत्रकारों ने 5 अगस्त से मुरैना कलेक्टर के विरुद्ध विरोध का शंखनाद किया था और इसी कड़ी में क्रमबद्ध आंदोलन के तहत कलेक्टर के खिलाफ प्रदेश के मुखिया शिवराज सिंह चौहान केंद्रीय मंत्री और क्षेत्रीय सांसद नरेंद्र सिंह तोमर राज्यसभा सांसद व केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया सहित जिले के सभी जनप्रतिनिधियों को मुरैना कलेक्टर को हटाने की मांग करते हुए ज्ञापन दिया था, ताकि जिले की जनता को सरकार की योजनाओं का भ्रष्ट अधिकारियों के बिना शोषण लाभ मिल सके लेकिन प्रदेश सरकार की हठधर्मिता कलेक्टर मुरैना के हौसले अफजाई कर रही है और उसे हटाने के नाम पर पत्रकारों के विरोध प्रदर्शन को अनदेखा कर रही है। सरकार के इस रवैया से असंतुष्ट जिले की जनता की आवाज बनने वाली मीडिया 2 सितंबर से अनिश्चितकालीन धरने पर बैठी है। सोमवार को 11वे दिन भी यह धरना प्रदर्शन निर्धारित समय अनुसार जारी हुआ। धरना स्थल पर शहर के तमाम समाजसेवी जिनमें दिनेश दंडोतिया प्रदेश अध्यक्ष ब्राह्मण अंतरराष्ट्रीय संगठन एवं राजेश शर्मा, कवि भक्त प्रहलाद, हितेन्द्र कल्लू दंडोतिया, समाजसेवी नरेन्द्र उपाध्याय के अलावा कांग्रेस पार्टी के शहर जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा व युवा कांग्रेस नेता सौरव सोलंकी ने भी धरना स्थल पर बैठकर आंदोलन को न केवल समर्थन दिया,बल्कि सरकार से तत्काल मुरैना कलेक्टर बी कार्तिकेयन को हटाने की मांग की। दीपक शर्मा ने यह भी कहा कि हमारी पार्टी के विधायक इस मुद्दे को विधानसभा में उठाकर सरकार से पत्रकारों के 40 दिन से चल रहे आंदोलन पर जवाब मांगेंगे और यह जानना चाहेंगे कि आखिर मुरैना कलेक्टर में ऐसी क्या विशेषता है जो जन भावनाओं को दरकिनार कर मुख्यमंत्री कलेक्टर बी कार्तिकेयन मुरैना से हटाना नहीं चाहते। इस दौरान भोपाल के पत्रकार साथी संजय पाठक और उनके साथियों ने भी धरने में शरीक होकर इस अभियान को एक परिणति तक पहुंचाने तक सहयोग करने का वादा किया।

## 41 मरीजों को मोतियाबिन्द ऑपरेशन के लिये चिन्हित किया

**अम्बाह।** समाजसेवी स्व. कपूरचन्द जैन (एडवोकेट) की स्मृति में डॉ. भसीन द्वारा स्थापित रतन ज्योति चैरिटेबल फाउण्डेशन ग्वालियर के सहयोग से जिनेश जैन (पूर्व अध्यक्ष, नगरपालिका अम्बाह), जिला



उपाध्यक्ष, भाजपा जिला मुरैना के द्वारा विगत निःशुल्क मोतियाबिन्द ऑपरेशन परीक्षण शिविरों के सफलतापूर्वक आयोजन के बाद रविवार को इसी अनुक्रम में निःशुल्क मोतियाबिन्द ऑपरेशन परीक्षण शिविर का आयोजन श्री टेक चन्द जैन विद्यालय प्रांगण में आयोजित किया गया। शिविर में मोतियाबिन्द ऑपरेशन परीक्षण के लिये लगभग 176 मरीजों ने नामांकन कराया, जिसमें से कुल 41 मरीजों को मोतियाबिन्द ऑपरेशन के लिये चिन्हित किया गया। अब इन मरीजों को मोतियाबिन्द आपरेशन के लिये ग्वालियर ले जाया जायेगा, जिसमें मरीजों का आना-जाना, खाना, दवाइयाँ एवं मोतियाबिन्द आपरेशन आदि निःशुल्क रहेगा। शिविर में टेकचन्द जैन हा.से. स्कूल के समस्त स्टॉफ एवं एनसीसी कैडेट तथा एनएसएस के स्वयंसेवकों द्वारा सहयोग प्रदान किया गया। शिविर में महेन्द्र कुमार जैन, अंशुल जिनेश जैन, श्री टेकचन्द जैन हा.से. स्कूल के प्राचार्य आलोकप्रताप सिंह तोमर एवं राजकुमार जैन का विशेष सहयोग रहा।

## सरपंच एवं थाना प्रभारी को झूठे मामले में फंसाया तो होगा आंदोलन

**मुरैना।** विगत दिनों एक दलित की मौत को लेकर कुछ तथाकथित नेता एवं बसपा के नेता रोटी एफआईआर दर्ज कराकर सरपंच एवं थाना प्रभारी चिन्नौनी को फंसाकर अपना राजनीतिक हित साधने का प्रयास कर रहे हैं ऐसा होता है तो क्षत्रिय समाज के लोग उग्र आंदोलन करेंगे यह बात क्षत्रिय महासभा के अभय सिंह सिकरवार ने कहीं है। गौरतलब है कि ग्राम पंचायत पचोखरा के ग्राम नरसिंहपुरा में 30 अगस्त 2022 को पान सिंह जाटव की मृत्यु हार्ट अटैक से हुई, जिसकी पुष्टि मेडिकल टीम के द्वारा की गई। पीएम वीडियोग्राफी के द्वारा कराया गया। क्षेत्र के कुछ तथाकथित नेता एवं बीएसपी पार्टी शासन प्रशासन पर दबाव बनाकर झूठी एफआईआर कराने के फिराक में है।

# ज्ञापन देकर दी चेतावनी: 3 दिन में अपराधी नहीं पकड़ें तो करेंगे आंदोलन

## जैन तीर्थ क्षेत्र सोनागिर में डकैती मामला



**अंबाह।** सिद्धक्षेत्र सोनागिरि दतिया के विश्व प्रसिद्ध जैन मंदिर में बीते दिनों हुई डकैती की घटना से अंबाह जैन समाज में जबरदस्त आक्रोश है। इस डकैती कांड के विरोध में अंबाह जैन समाज के लोगों ने सोमवार को परेड चौराहा पर एकत्रित होकर बाजार में विरोध जुलूस निकाला और प्रदेश के मुखिया शिवराज सिंह चौहान एवं गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा के नाम एक ज्ञापन एसडीएम राजीव समाधिया को जाकर सौंपा, जिसमें समाज के वरिष्ठ समाजसेवी राकेश जैन भंडारी ने कहा कि अगर 3 दिन में घटना को अंजाम देने वाले अपराधी नहीं पकड़े गए तो जैन समाज को आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। श्री भंडारी ने कहा कि पूरे देश में जैन समाज शांति व अहिंसा का संदेश देता है। लेकिन प्रदेश के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा के क्षेत्र सोनागिरि में जिस तरह बेखौफ अपराधियों ने जैन मंदिर में डकैती की घटना को अंजाम दिया है, यह निदंनीय है। ज्ञापन में मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री संबोधित करते हुए अंबाह जैन समाज के लोगों ने कहा कि सिद्ध क्षेत्र सोनागिर संपूर्ण विश्व भर की जैन समाज के लिए आस्था का केंद्र है, यहां की सुरक्षा समाज के साथ-साथ सरकार की भी जिम्मेदारी है किंतु बेखौफ होकर अपराधियों ने मंदिर परिसर में लूट की घटना को अंजाम दिया और वहां पर तैनात दो सुरक्षा गार्ड की गंभीर मारपीट की, जो बेहद चिंतनीय है। ऐसी स्थिति में हम प्रदेश के मुखिया एवं गृहमंत्री से मांग करते हैं कि जल्द से जल्द लुटेरों को गिरफ्तार कर उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। ज्ञापन देते समय राकेश जैन भंडारी, अजय जैन पत्रकार, ओपी जैन, विमल जैन राजू आदि लोग उपस्थित थे।

## अंडर ब्रिज बनाने की मांग को लेकर भूख हड़ताल 41 वें दिन भी जारी



**कैलारस।** शासकीय अस्पताल के सामने आवागमन के लिए ब्रॉडगेज निर्माण के कार्य में अंडर ब्रिज बनाने की मांग को लेकर आम नागरिकों की ओर से जारी आंदोलन निरंतर द्रुत गति से आगे बढ़ रहा है। भूख हड़ताल 41 वें दिन भी जारी रही। भूख हड़ताल पर बैठने वालों में जगदीश जाटव, दिनेश मौर्य, मोहन करण राजपूत, सुखा जाटव आदि प्रमुख हैं। भूख हड़ताल के प्रति एकजुटता प्रकट करते हुए नागरिकों की ओर से हल्के जाटव ने माल्यार्पण कर भूख हड़तालियों को आंदोलन पर बिठाया। अंडर ब्रिज बनाने के लिए जो आंदोलन चल रहा है वह कैलारस की अत्यंत जायज मांग है। बस स्टैंड के लिए 2 अंडर ब्रिज बनाए गए हैं और शेष कैलारस नगर के लिए मात्र एक अंडर ब्रिज गांधी मार्ग पर बनाया गया है। शेष बस्ती के आवागमन के लिए खासतौर से शासकीय अस्पताल के लिए कोई रास्ता नहीं छोड़ा गया है। सड़क के बायीं ओर की बस्ती के लिए शमशान और कब्रिस्तान जाने के लिए भी कोई मार्ग नहीं है। ऐसे में शासकीय अस्पताल के सामने कृष्ण मार्ग पर अंडर ब्रिज बनाने की मांग जायज है। इसे तत्काल पूरा किया जाना चाहिए। इसके लिए मोहल्ला वासियों की ओर से केंद्रीय मंत्रीगणों तथा वरिष्ठ अधिकारियों को कई ज्ञापन और पत्र दिए गए हैं लेकिन अभी तक स्वीकृति प्राप्त नहीं हुई है। नागरिकों ने संकल्प लिया है कि अंडर ब्रिज की स्वीकृति तक आंदोलन जारी रहेगा। अभी पिछले दिनों धरना, प्रदर्शन, सत्याग्रह और तिरंगा यात्रा निकाली गई, आगे सत्याग्रह की तैयारी है।

# कहीं छुपाना तो कहीं ओपन करना, मुरैना पुलिस का ज्ञान अधूरा

## थाना इंचार्ज कभी कहते हैं सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन है तो कहीं करते हैं नाम ओपन

**मुरैना।** वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों एवं थाना इंचार्ज का ज्ञान समझ में नहीं आता, ऐसा लगता है कि इनका ज्ञान अधूरा है। कभी अपराधियों के नाम छुपाते हैं तो कभी ओपन करते हैं और जब किसी मामले में नाम नहीं देने का कारण पूछा तो सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन का हवाला दे देते हैं, ऐसा है तो फिर अनेक अपराधों की ब्रीफिंग के दौरान जारी प्रेसनोट में अपराधियों के नाम ओपन क्यों किए जाते हैं, इसे स्पष्ट कौन करेगा। पिछले कुछ समय से यह देखने में आ रहा है कि जिले में हत्या, लूट, डकैती, अपहरण, बलात्कार, चोरी, गुमशुदगी आदि के मामलों में पुलिस अपराधियों के नाम उजागर नहीं कर रही है और जब पूछा जाता है तो अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों द्वारा सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन का हवाला दे दिया जाता है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश है, अपराधी का नाम नहीं दे सकते, फिर कुछ मामलों में दोहरा रवैया क्यों अपनाया जा रहा है। पूर्व में पुलिस कप्तान एवं अन्य अधीनस्थ अधिकारियों द्वारा कई ट्रेस मामलों में अपराधियों के नाम उजागर किए तो कई मामलों में नाम ओपन नहीं किए गए। गत 4 सितंबर 2022 को पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना




सिविल लाइन द्वारा एक लूट के मामले में बोलेरो पिकअप गाड़ी के साथ चार आरोपियों को मय हथियार व कारतूस के गिरफ्तार करना बताया गया था और इस मामले में पकड़े गए किसी भी अपराधी का नाम प्रेस नोट में उजागर नहीं किया गया, वहीं इसी दिन इसी प्रेस कॉन्फ्रेंस में पुलिस द्वारा एक और मामले, जिसमें यातायात पुलिस के प्रधान आरक्षक का वायरलेस सेट लूटने एवं मारपीट करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार किए जाने का बताया गया, जिसमें जारी प्रेस नोट में सभी अपराधियों के नाम उजागर किए गए। यहां गौरतलब बात यह है कि सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन है कि अपराधियों के नाम ओपन नहीं कर सकते तो फिर एक ही दिन एक ही थाने के दो मामलों में पुलिस का दोहरा रवैया क्यों रहा। एक और पुलिस के अधिकारी एवं थाना प्रभारी कहते हैं कि सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन है, इसलिए नाम नहीं दे सकते फिर 4 सितंबर को यातायात पुलिस के प्रधान आरक्षक के मामले में आरोपियों के नाम उजागर क्यों किए गए। यहां कहना लाजमी है कि जब सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन है तो उसका अक्षरसः पालन होना चाहिए, फिर चाहे पुलिस का मामला हो या आम आदमी का अपराधियों को ओपन नहीं करना चाहिए। यह बात इसलिए उठी है कि गत रोज सुमावली थाना पुलिस ने एक महिला को बरामद करने का प्रेस नोट जारी किया था, लेकिन इस प्रेसनोट में कहीं भी घटनास्थल जहां घटना हुई और जहां से महिला बरामद की वह घटनास्थल भी नहीं बताया गया तथा ना ही उसमें किसी का नाम था, जब इस संबंध में थाना प्रभारी से बात की गई तो उनका एक ही जवाब था, सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन है।

# कोचिंग सेंटर पर खड़े होने वाले आवारा तत्वों के नगर निरीक्षक ने बड़ी मात्रा में उतरवाए हाथ में पहने लोहे के कड़े जिनका लड़ाई के दौरान होता था इस्तेमाल



**अंबाह।** पुलिस द्वारा स्कूल कॉलेज व कोचिंग सेंटर पर छात्राओं की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए प्रतिदिन लागतार अलग-अलग जगहों पर पुलिस द्वारा आवारा घूमने वाले लोगों की कड़ाई से जांच की जा रही है, आमतौर पर कोचिंग पर खड़े होने वाले वह लड़के जो हाथ में लोहे के कड़े पहनकर आते है और उन कड़ो का इस्तेमाल आपसी लड़ाई में करते हैं, उन कड़ो को पुलिस द्वारा भारी मात्रा में उतरवाकर थाना परिसर में रखा गया है।

ज्ञात रहे कि अंबाह नगर निरीक्षक जितेंद्र नगाईच द्वारा संदिग्ध दिखने वाले लोगों के बैग व छात्रों के पहचान पत्र तक देखे जा रहे हैं, जिससे आवारा घूमने वाले लोगों की पहचान की जा सके। उल्लेखनीय है कि नगर निरीक्षक जितेंद्र नगाईच ने आवारा घूमने वाले लोगों की कड़ाई से जांच करने के लिए प्रतिदिन समय समय पर गस्ती करने के लिए एक दल बनाया है, जो सुबह आवारा घूमने वाले लोगों पर ही निगरानी रखता है व किसी प्रकार से संदिग्ध दिखने पर उन्हें पकड़कर मौके पर ही चेतावनी दी जाती है। नगर निरीक्षक जितेंद्र नगाईच ने ऐसे ही करीब आधा सैकड़ा आवारा घूमने वाले लोगों से उनके हाथ से भारी भरकम चूड़े उतरवाकर इकट्ठे किए हैं जो पढ़ने की बजाय आवारा घूमते हुए पाए गए हैं।

# खाद की कालाबाजारी और अनुपलब्धता को लेकर किसान सभा ने अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया

**कैलारस।** रवी की फसल के लिए डीएपी और यूरिया खाद की किसानों को भारी मात्रा में जरूरत है। उसके बाद भी सरकार की दूरदर्शिता के चलते सोसाइटीज और खाद विक्रय केंद्रों पर डीएपी और यूरिया खाद किसानों को पर्याप्त मात्रा में नहीं मिल पा रहा है। हालत इतनी बदतर है कि महिला किसान भी प्रातः काल से लेकर शाम तक लाइन में लगने के बाद खाली याद घर को लौट कर चली जाती है। जरूरत के मुताबिक खाद भी नहीं मिल पा रहा है। किसानों द्वारा लगातार मांग की जा रही है लेकिन सरकार की ओर से कोई खाद बंदोबस्त नहीं है। यह दुर्दशा गत वर्षों से बनी हुई है। इसके विरोध में समुचित मात्रा में खाद उपलब्ध कराने, खाद की कालाबाजारी रोकने सहित अन्य किसानों की मांगों को लेकर मध्य प्रदेश किसान सभा ने क्रमिक धरना कृषि उपज मंडी के गेट पर शुरू किया है।




धरने के पहले दिन गयाराम सिंह धाकड़, कन्हैया लाल धाकड़, सरवन लाल, सियाराम, मुन्ना लाल धाकड़ देवगढ़ ,भेरूलाल धाकड़, नरसिंह धाकड़ उप-सरपंच, नरहरी शर्मा आदि बैठे। धरनार्थियों को संबोधित करते हुए किसान सभा के अशोक तिवारी और गयाराम सिंह धाकड़ ने कहा कि किसानों की खाद, बिजली, आवारा पशु, गन्ने का बकाया भुगतान, बाजरा की समय पर खरीदी आदि समस्याएं लगातार घर आ रही है। सरकार और प्रशासन की ओर से कोई व्यवस्था नहीं की गई है। इसलिए मजबूरन हमें धरना आंदोलन पर बैठना पड़ा है। इस संबंध में 19 सितंबर को पुरानी सब्जी मंडी पर विशाल आमसभा भी होगी। जिसे पूर्व सांसद, माकपा की पोलिट ब्यूरो सदस्या सुभाषिनी अली, अखिल भारतीय किसान सभा के सह संयुक्त सचिव बादल सरोज और अन्य किसान नेता गण संबोधित करेंगे। उन्होंने किसानों की समस्याओं के तत्काल हल करने की मांग की है।

# हर महिला को आज़ाद ज़िंदगी जीने का पूरा अधिकार है

**मत सहो बेवजह प्रताड़ना की जलन जागो औरतों अपनी क्षमता को पहचानों, नहीं हो तुम सज़ा की अधिकारी, संसार रथ की सारथी हो कर दो असमानता की आँधी का हनन**

सम्मान की अधिकारी कुछ औरतें समाज के डर से और लोक निंदा के भय से अपनी स्वाधीनता की बलि चढ़ाते, ऐसे दुराचारी पति या पुरुष के हाथों दमन सहती रहती है, जिनको स्त्रियों के सम्मान से कोई लेना-देना ही नहीं होता। पत्नी को पैरों की जूती समझने वाले पति की अंध भक्ति महज़ इसलिए करती है की पति है। अपने जीवन के बारे में सोचना चाहती ही नहीं। उनको पता ही नहीं होता की हज़ारों राहें और असंख्य मौके उनके स्वागत में तैयार है बस हिम्मत करके कदम आगे बढ़ाने की जरूरत होती है। कोई भी महिला कमज़ोर नहीं, अगर लाचारी बेबसी वाली मानसिकता से बाहर निकले तो अपना जीवन सार्थक बना सकती है। पर नहीं समाज की थोपी गई कुछ रवायतों का अनुसरण करते प्रताड़ना सहते यूँहीं जीवन बीता देती है। आज नहीं तो कल पति सुधर जाएगा इस आस में श्मशान में बुझ चुकी राख में चिंगारी तलाश करती रहती है। एक बार खुद पर यकीन करके उस नर्क से निकलने की कोशिश तक नहीं करती।

कुछ लड़कियों के ज़हन में माँ-बाप एक ग्रंथी बाँध देते है कि जहाँ लड़की की डोली उतरती है, वहीं से अर्थी उठनी चाहिए। शादी के बाद पति का घर ही लड़कियों की असली जगह होती है, और चार लोग सुनेंगे तो क्या कहेंगे वाली मानसिकता बच्चियों की ज़िंदगी खराब कर देती है। समाज क्या हमारे घर में दो बोरी अनाज डालने आता है? या मुसीबत में साथ खड़ा रहता है? जो समाज के डर से बेटियों की बलि नरपिशाचों के हाथों चढ़ा दें। क्यूँ चुटकी सिंदूर के बदले पूरी ज़िंदगी दाँव पर लगानी है?



हर गाँव और शहर में नारी सुरक्षा संस्थाएँ होती है, सारे कायदे कानून स्त्रियों के हक में है अपने अधिकारों का उपयोग करो। अगर आप कोई काम जानती है, आपमें कोई हुनर है तो आत्मनिर्भर बनकर दिखाओ। निर्वहन कैसे होगा इस डर की वजह से तामसी मानसिकता सहते ज़िंदगी मत काटिए। दीये की उम्र लंबी करने के लिए दमन का तेल सिंचकर उसकी रोशनी कम मत कीजिए। हर महिला को आज़ाद ज़िंदगी जीने का पूरा अधिकार है। क्यूँ शादी को गुलामी की जंजीर समझकर ढ़ोते रहना है।

हर कुछ दिन बाद कहीं न कहीं महिलाओं के दमन के किस्से पढ़ने सुनने को मिलते है। कहीं मारपिट, कहीं बलात्कार, कहीं बच्चियों का शोषण तो कहीं बेटियों को जलाने की वारदातें। आख़िर कब ख़त्म होगी मर्दों के हाथों महिलाओं के शोषण की घटनाएँ। शायद कभी नहीं, क्यूँकि समाज को इस मुद्दे से कोई लेना-देना ही नहीं। हर घटना कुछ दिन कोहराम मचाकर शांत हो जाती है। अब महिलाओं को जागरूक होने की जरूरत है। सबसे पहले महिलाओं से निवेदन है एक दूसरे को समझो, बहूओं को बेटियों की तरह रखिए, सास शब्द की गरिमा बढ़ाईये। जब तक स्त्री ही स्त्री को समझने का प्रयास नहीं करेगी, मर्दों से अपेक्षा रखना फ़िज़ूल है। खुद को इतना तराशो, इतना काबिल बनाओ की मर्द नाम के हिटलर का मोहताज ही न होना पड़े। अपनी बेटियों के लिए एक ऐसी राह का निर्माण कीजिए की, उनके जीवन में दमन या प्रताड़ना शब्द का सामना करने की नौबत ही न आए।

अगर अब भी नहीं जगी महिलाएँ तो आने वाली कई सदियाँ ऐसे ही स्त्री विमर्श से साहित्य के पन्नें सजते रहेंगे।

**भावना ठाकर %भावु% बेंगलोर**

## चाचोडी में राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेलों के रानी ब्लॉक स्तरीय महाकुंभ का भव्य शुभारंभ

**पुष्पांजलि टुडे पाली राजस्थान। नरेश कुमार सिरवी**

**रानी पाली।** चाचोडी राज्य सरकार के निर्देशानुसार रानी ब्लाक के ग्राम चाचोड़ी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक के महाकुंभ का भव्य शुभारंभ कार्यक्रम में रानी पंचायत समिति विकास अधिकारी रानी जितेन्द्र सिंह की अध्यक्षता एवं



मुख्य अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत चांचौडी पूनम सिंह राजपुरोहित, विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रधान पाबू सिंह राणावत, समाज सेवी एवं भामाशाह पीराराम देवासी, मोहन लाल खुमाजी घांची, छैल सिंह चम्पावत, घेवर राम देवासी, विजय सिंह राजपुरोहित, धनाराम सीरवी, सोहन सिंह राजपुरोहित, प्रवीण भाई लूणिया, विमल भाई लूणिया, तेजराज लूणिया, हीराचन्द सोलंकी, मकनाराम होम्बर, किशन भाई चौधरी, राजू भाई मौयला, नगाराम देवासी, एस एम सी अध्यक्ष रणजीत सिंह, घीसाराम बामनिया, दुर्गा प्रसाद एवं पृथ्वी सिंह राजपुरोहित भैरू सिंह राजपुरोहित शंकर सिंह राजपुरोहित दिनेश सिंह राजपुरोहित मोडाराम मीणा ग्राम पंचायत विकास अधिकारी तेजपाल सिंह। ग्राम रोजगार सहायक भगवान लाल बामणिया। मौजूद रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुई इसके बाद विकास अधिकारी जितेन्द्र सिंह ने ग्रामीण ओलंपिक का ध्वजारोहण किया 7 जितेन्द्र सिंह ने संबोधन में खेल भावना विकसित कर सामाजिक सौहार्द स्थापित करने की अपील की 7 सरपंच चांचौडी पूनम सिंह राजपुरोहित ने सम्पूर्ण आयोजन की संक्षिप्त जानकारी दी ।और खेल आरम्भ की उदघोषणा की 7 विद्यालय के संस्था प्रधान मांगीलाल सोनल ने सभी अतिथियों, भामाशाहों का स्वागत व सम्मान किया ।

# नगर पालिका गोहद में पौधा रोपण करते हुए कहा

**मोनू बाथम पुष्पांजली टुडे**

**गोहद** चौराहा वार्ड नंबर 17 में स्थित मुक्तिधाम में संजू तोमर विधायक प्रतिनिधि नगर पालिका गोहद में पौधा रोपण करते हुए कहा कि वृक्षारोपण आज के समय बहुत आवश्यक है वृक्ष व पौधे जीवन प्रदान करते करने वाली ऑक्सीजन हमें 24 घंटे निशुल्क प्रदान करते हैं जिसके बिना मानव जीवन का अस्तित्व असंभव है पेड़ पौधे हमारे चारों ओर के वातावरण को हरा-भरा बनाते हैं पेड़ पौधे हमें सिर्फ ऑक्सीजन ही नहीं प्रदान करते बल्कि लकड़ी फूल -फुल कई औषधीय जड़ी ठंडी छाया करते हैं। इस अवसर पर उन्हें मुक्तिधाम में कोई भी चौकीदार या कर्मचारी का नहीं होना बताया गया है व अन्य समस्याएं रोड़ का नहीं होना पेवर ब्लॉक का काम अधूरा रह जाना आदि बताई उन्होंने कहा कि हम जल्द ही 2 कर्मचारियों का व्यवस्था सी.एम.ओ गोहद से मिलकर कराएंगे यह इस



अवसर पर पौधारोपण करने वालों में प्रमुख जेपी अग्रवाल, हर विजय सिंह सरदार ,अनुराग शुक्ला वार्ड वार्ड नंबर 6,आरिफ पठान (युथ कांग्रेश), दिनेश गर्ग निगम कॉलोनी, रामकिशोर शर्मा शिक्षक , विकास माहोर ,विजय शर्मा, धीरज मिश्रा, स्वामीनारायण, काम वीर सिंह तोमर ,आसाराम ,प्रवीण बंसल प्रमुख ।।

# 20 साल से ग्राम कछउआ व ग्राम घटबरा में विकलांग सुखलाल लोधी अपने खेत की रास्ता के लिए लड़ाई लड़ रहा था जिसे थाना पिछोर पुलिस ने रास्ता दिलवाया

**राकेश परिहार पुष्पांजली टुडे**


**पिछोर।** एएसआई शैलेंद्र सिंह चौहान, प्रधान आरक्षक अरविंद यादव, आरक्षक जितेंद्र सिंह गुर्जर ,नगर रक्षा समिति के सदस्य चंदन लोधी ने पटवारी की सहायता से रास्ता खुलवाया । विकलांग सुखलाल लोधी कई वर्षों से थाना व कचहरी के चक्कर लगा रहा था लेकिन आज उसे पुलिस थाना पिछोर ने उसका रास्ता खुलवाया इस बीच विगत वर्षों में कई पुलिस अधिकारी व कर्मचारी पदस्थ रहे लेकिन टी आई थाना पिछोर गब्बर सिंह गुर्जर ने इस मामले को अति



संवेदनशील मानते हुए इसे तत्काल सॉल्व करने हेतु अपने मातहत व अधिकारी वा कर्मचारी को आदेशित किया जिस के पालन में एसआई शैलेंद्र सिंह चौहान प्रधान आरक्षक अरविंद यादव, आरक्षक जितेंद्र गुर्जर नगर रक्षा समिति के चंदन लोधी ने हल्का पटवारी की मदद से रास्ता खुलवाया पुलिस की खाकी वर्दी अब बन चुकी है पीड़ित लोगों की हमदर्दी।

# कार्यालय नगर परिषद रन्नोद जिला शिवपुरी मध्य प्रदेश प्रेसिडेंट इन काउंसलिंग अध्यक्ष एवं सभापति बनने पर दी बधाइयां

**संवाददाता हरिओम परिहार पुष्पांजली टुडे**



कार्यलय नगर परिषद रन्नौद जिला शिवपुरी म.प्र.

क./न.प./सा.प्र./स्था. शाखा/ रन्नौद दिनांक 12.09.2022

आदेश

मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम 1961 की धारा 70 प्रेसीडेन्ट–इन– कांउसिल का गठन की उप धारा (1) के प्रावधान अतर्गत एतव द्वारा नगर परिषद रन्नौद कि प्रेसीडेन्ट –इन– कांउसिल का गठन किया जाकर निम्नानुसार पार्षदगणो को आगामी आदेश तक प्रेसीडेन्ट –इन–कांउसिल के सदस्य के रूप मे नाम निर्देष्ट कर विभाग का कार्यभार सौपा जाता है।

| क. | सदस्य का नाम | सौपा गया विभाग |
|---|---|---|
| 1. | उमेश उपाध्याय | महिला बाल विकाश, योजना, स्वच्छता समिति । |
| 2. | श्रीमति भावना केवट | लोक निर्माण, सूचना, प्रौधोगिकी विभाग, पर्यावरण। |
| 3. | अमित बौहरे | शिक्षा विभाग, शहरी एवं गरीबी उपशमन विभाग। |
| 4. | श्रीमति ममता कुशवाह | जलकार्य सीवरेज, सामान्य प्रशासन, राजस्व, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं परिवहन, वित्त, विधुत एवं यांत्रिकी विभाग । |
| 5. | श्रीमति मोना कुशवाह | स्वास्थ, आवास, लेखा एवं ठोस अपशिष्ठ प्रवंधन। |

अध्यक्ष महोदय द्वारा अनुमोदित

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर परिषद रन्नौद
जिला शिवपुरी म.प्र.


**रन्नौद** कार्यालय नगर परिषद जालौर जिला शिवपुरी मध्य प्रदेश में नगर परिषद धामनोद सभी प्रेसिडेंट काउंसलिंग के अध्यक्ष एवं सभापति बनने पर नगर परिषद राजेंद्र नगर वासियों ने दी शुभकामनाएं

# ब्राह्मण समाज ने शंकराचार्य स्वरूपानंद सरस्वती के निधन पर जताया गहरा दुख

**पुष्पांजली टुडे**

द्वारका शारदा पीठ के शंकराचार्य स्वरूपानंद सरस्वती के निधन पर ब्राह्मण समाज एंव सर्वजन न्याय मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष चयन समिति शरद द्विवेदी ने गहरा दुख जताते हुए इसे सनातन धर्म की अपूरणीय क्षति बताया,

श्री द्विवेदी ने जानकारी देते हुये बताया कि दिव्य ब्राह्मण एकता कल्याण संगठन द्वारा निवेदन करने पर 26-05-2020 को मुख्य संरक्षक संगठन का बनकर परम पूज्य गुरुदेव जी द्वारा आशिर्वाद प्रदान किया गया था। द्विवेदी ने कहा कि शंकराचार्य स्वरूपानंद सरस्वती श्रेष्ठ साधुता के प्रतीक थे। उनका आचरण, व्यवहार, चिंतन, चरित्र पूरी तरह सनातन संस्कृति के अनुकूल था। उन्होंने आजीवन भारतीय संस्कृति और धर्म को आगे बढ़ाया। उनके निधन से संपूर्ण जगत संत और साधु समाज को अपूरणीय क्षति



हुई है। भारतीय ज्ञान परंपरा में उनके अतुलनीय योगदान को अखिल विश्व अनंत वर्षों तक याद रखेगा।

विधायक प्रतिमा कुमारी, मंजू शर्मा विप्र कल्याण बोर्ड उपाध्यक्ष, एड.गीता सिंह ठाकुर, सुषमा बिदुआ, आकांक्षा बिदुआ, संगीता बिदुआ, हेमलता शर्मा, उर्मिला मिश्रा, पुनीता भारद्वाज, इंदू नालंदा, डां दिव्या तिवारी दुबे, पूजा शर्मा, रागिनी पाण्डेय फिल्म अभिनेत्री, मंजू गौतम फिल्म मेकर, सुमन द्विवेदी, सरिता शर्मा, अलका गौर, ऊषा शर्मा, पुष्पा शर्मा, ममता शर्मा कवच फाऊंडेशन, शीला मिश्रा, डॉ संजय पांडेय, डॉ तेजभान मिश्र, डॉ महेश, डॉ रागिनी मिश्रा, डॉ मालती भगत, डॉ भावना शर्मा, डॉ हेमलता शर्मा शरद फाऊंडेशन, डॉ संगीता शर्मा, डॉ आस्था शर्मा, दिनेश पाण्डेय, अशोक शर्मा, मनीष शर्मा, अरजेन्द्र शर्मा, अशोक तिवारी, रंजना सूर्यवंशी, कीर्ति टंडन, करुणा शर्मा, नीलम सिंह, प्राचार्य मोना शुक्ला, उर्मिला ओझा, अमिता पाण्डेय, संगीता सिंह, संध्या सिंह, बबिता सिंह, रविमाला सिंह, शालिनी सिंह, लछ्मी सिंह परिहार, जया पाठक, सुमन पाण्डेय कशिश शर्मा, एकता शर्मा, अर्चना शर्मा,अनीता मित्तल, कामिनी तिवारी, निशा भट्ट, सबिता मिश्रा, रीमा गुप्ता, मीनाक्षी मनचंदा, सुमन तिवारी, मोनिका तिवारी, बबिता मालवीय, राधा शर्मा, तिलोत्तमा नागर, आवंती शर्मा, रेखा शर्मा, प्रवीण मिश्रा, रूपेश खरे, रश्मि चौहन, मूर्ता देवी, मंजू कवर, नीलम रामेजा, धनंजय त्यागी, संजय प्रेम जोशी, संध्या नागोत्रा,अंजलि अग्रवाल, कविता यादव, सुमन पाण्डे, रेणू शर्म वंदना तिवारी, प्रेमा बनर्जी, कामिनी पाराशर, ममता तिवारी, सीमा पाण्डेय, विशिता उपाध्याय, सोनू दुबे, रामप्रकाश शर्मा, संजय, धामी शर्मा, सहित सभी पदाधिकारीयों ने शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की!

# अम्बाह स्नातकोत्तर पीजी कॉलेज के विद्यार्थियों ने किया औद्योगिक भ्रमण

**केशब प्रसाद शर्मा पुष्पांजली टुडे**

**अम्बाह।** स्नातकोत्तर महाविद्यालय अम्बाह में रसायन शास्त्र विभाग में संचालित प्रमाण पत्र कोर्स के विद्यार्थियों ने बानमोर तथा मालनपुर में औद्योगिक इकाइयों का भ्रमण किया । ग्वालियर दुग्ध संघ सांची ब्रांड के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अनुराग सिंह सेंगर द्वारा महाविद्यालय में पूर्व में दिए गए व्याख्यान के बाद सभी विद्यार्थियों को बानमोर स्थित सांची प्लांट का भ्रमण कर प्रेक्टीकल नॉलेज दिया गया।

सभी विद्यार्थी प्रातः आठ बजे महाविद्यालय में उपस्थित हुए। यहाँ से बस द्वारा साँची प्लांट बानमोर पहुँचे। वहां दूध से घी,मावा, और मक्खन बनाना, दूध की थैली में पैकिंग करना, कलेक्शन की विधि तथा दूध के पसचुरीकरण की वैज्ञानिक विधि को विद्यार्थियों ने ठीक से समझा। इस कार्य हेतु सांची सांची प्लांट की ओर से विषय विशेषज्ञों के द्वारा विद्यार्थियों को सभी प्रक्रियाओं के बारे में विस्तार से समझाया गया ।इसके पश्चात सांची ब्रांड की ओर से बने हुए ताजी पेड़ा और दूध का सेवन कर विद्यार्थियों ने उसका स्वाद चखा। इसके बाद रसायन शास्त्र





के विभागाध्यक्ष डॉ वीके जैन ने सांची परिवार का आभार व्यक्त किया

सांची प्लांट के भ्रमण के बाद विद्यार्थियों का समूह फार्मा कंपनियों के भ्रमण हेतु मालनपुर पहुंचा । वहाँ ऑर्बिट केम एवं ऑक्टेट फार्मा कंपनियो का भ्रमण किया।इन फार्मा कंपनियों के सीईओ श्री संजय शर्मा ने सभी विद्यार्थियों का गर्मजोशी के साथ स्वागत और विद्यार्थियों के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था भी की। इसके बाद संजय शर्मा एवं उनके सहयोगी वैज्ञानिकों ने फार्मा कंपनी में उपयोग किए जाने वाली विभिन्न तकनीकों एवं मशीनरी के बारे में विस्तार से समझाया । श्री शर्मा अंबाह कॉलेज में रसायन शास्त्र के पूर्व छात्र रह चुके हैं इसलिए उन्होंने यह घोषणा की कि रसायन शास्त्र विभाग में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को उनकी फार्मा कंपनी प्रशिक्षित करने का अवसर प्रदान करेगी। इसके लिए ऑर्बिट केम एवं रसायन शास्त्रविभाग ,स्नातकोत्तर महाविद्यालय अंबाह के मध्य एमओयू साइन किया गया । महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ शिवराज सिंह तोमर ने फार्मा कंपनी के साथ हुए एमओयू पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि इससे हमारे महाविद्यालय के विद्यार्थियों को उद्योग जगत से जुड़ने का अवसर प्राप्त होगा तथा उनमें कौशल विकास भी होगा। अंबा पोरसा अंचल के लिए यह गौरव की बात है कि यही के अंबाह कॉलेज से एमएससी किए हुए छात्र श्री संजय शर्मा ने फार्मासिटीकल जगत में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। औद्योगिक भ्रमण में प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम में भाग लेने वाले विद्यार्थियों के साथ रसायन शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ वीके जैन के साथ डॉ रमाकांत शर्मा एवं डॉ राम किशोर उपाध्याय मुख्य रूप से शामिल रहे।

## रामकुमार गुर्जर व रामकुमार त्रिपाठी बने ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दबोह-आलमपुर

**नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह की अनुसंसा पर मानसिंह कुशवाह ने की घोषणा**



**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**लहार-** नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह की अनुसंसा पर जिला अध्यक्ष मानसिंह कुशवाहा ने संघठन के प्रति सक्रियता के चलते पूर्व मंडी अध्यक्ष रामकुमार गुर्जर(परा)को दबोह का ब्लॉक कॉग्रेस अध्यक्ष घोषित किया है।वहीं आलमपुर के पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष रामकुमार त्रिपाठी को आलमपुर का ब्लॉक अध्यक्ष घोषित किया गया।संघठन ने उनसे आशा की है कि दोनो ही नेता हमेसा की तरह आगे भी संगठन को आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे।वहीं दबोह से रामकुमार गुर्जर व आलमपुर से रामकुमार त्रिपाठी ने नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर गोविंद सिंह को इस जिम्मेदारी के लिए आभार व्यक्त किया है और संगठन को आगे बढ़ाने की बात भी कही।

## इंदौर में अवैध रूप से बने पशुओं के बाड़े को तोड़ा

**इंदौर।** अवैध बाड़ा और अवैध निर्माण पर शंकरगंज जिंसी किला मैदान क्षेत्र में निगम ने रिमूवल कार्यवाही की। क्षेत्र में अवैध रूप से बनाए गए पशुओं के बाड़ों को तोड़ा गया है। इसके अलावा पशुपालकों के अवैध निर्माण पर भी कार्रवाई की गई। गौरतलब है कि नगर निगम द्वारा शहर में 40 से ज्यादा अवैध रूप से बने पशुओं के बाड़ों को चिन्हित किया गया है। आगामी दिनों में इन्हें नगर निगम द्वारा तोड़ने की कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि करीब पांच से छह साल पहले नगर निगम द्वारा शहर में अवैध रूप से पशुओं के बाड़े और पशुपालकों के अवैध निर्माणों पर इस तरह की कार्रवाई की गई थी। पिछले दो-तीन वर्षों में फिर से शहर में अवैध रूप से पशुओं के बाड़े बन गए हैं और आवारा पशु शहर की सड़कों और चौराहों पर नजर आने लगे हैं। यही वजह है कि नगर निगम आयुक्त के निर्देश पर कोंदवाड़ा टीम और रिमूवल टीम यह कार्रवाई कर रही है।



## केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से की इंदौर-ग्वालियर के लिए एयरबस सेवा फिर शुरू करने की मांग

**इंदौर।** इंदौर और ग्वालियर के बीच एयरबस सेवा पुनः प्रारंभ हो सकती है। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मुलाकात कर प्रदेश के जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने आग्रह किया है कि इंदौर और ग्वालियर इंदौर के मध्य एयरबस सेवा पुनः प्रारंभ की जाए। इस संबंध में उन्होंने सिंधिया को पत्र भी लिखकर मांग की है। पत्र के माध्यम से जल संसाधन मंत्री सिलावट ने उन्हें बताया है कि आठ सितंबर 2022 से इंदौर-ग्वालियर-इंदौर के बीच संचालित इंडिगो की उड़ान सेवा (एटीआर) बंद कर दी गई है। उक्त उड़ान सेवा बंद करने से इंदौर एवं ग्वालियर के यात्रियों को काफी कठिनाई हो रही है। जल संसाधन मंत्री ने कहा कि इंदौर मध्यप्रदेश की आर्थिक राजधानी है। साथ ही ग्वालियर मध्यप्रदेश का एक ऐतिहासिक विरासत एवं धार्मिक व पर्यटकों को आकर्षित करने वाला शहर है। उक्त उड़ान सेवा बंद होने से दोनों शहरों के बीच व्यापारिक, औद्योगिक एवं धर्मिक व पर्यटन की दृष्टिकोण से काफी विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। दोनों शहरों के यात्रियों द्वारा उक्त एटीआर विमान की उड़ान सेवा के स्थान पर एयर बस सेवा संचालित करने की मांग की जा रही है। इंदौर एवं ग्वालियर के नागरिकों की मांग पर इस अनुसार इंदौर-ग्वालियर-इंदौर के बीच एटीआर विमान के स्थान पर एयर बस उड़ान सेवा प्रारंभ किए जाने का अनुरोध किया गया है। केंद्रीय मंत्री सिंधिया ग्वालियर और दिल्ली के रूट पर हाल ही में प्रारंभ हुई एयरबस ए-321 में रविवार को दिल्ली से ग्वालियर पहुंचे। विमानतल पर उनका अभिनंदन कर नई हवाई सुविधा प्रदान करने के लिए आभार प्रकट किया। इस मौके पर उनके साथ मंत्री सिलावट भी मौजूद थे। इस हवाई सेवा से न सिर्फ ग्वालियर जिले के बल्कि पूरे प्रदेश के उद्योग, पर्यटन व व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। उल्लेखनीय है कि सिंधिया के नागरिक उड्डयन मंत्री बनने के बाद से मध्यप्रदेश और खास तौर पर इंदौर व ग्वालियर को इसका काफी लाभ मिला है। कई नई विमान सेवाएं शुरू हुई हैं।



## शराब के नशे में पिता ने की दुधमुंहे बच्चे की हत्या

**भोपाल।** राजधानी के गांधी नगर इलाके में चार महीने के मासूम की गला घोटकर हत्या करने की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। वारदात को बच्चे के पिता ने शराब के नशे में अंजाम दिया है। मामले में पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपित युवक की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी अरुण शर्मा ने बताया कि संजय उर्फ संजू वर्मा खिलचीपुर जिला राजगढ़ का निवासी है। उसका ससुराल भोपाल के गांधी नगर इलाके में स्थित बीडीए क्वार्टर गोंदरमऊ में है। उसकी पत्नी संगीता बाई बीते दिनों रक्षाबंधन के पर्व पर दोनों मासूम बेटों को साथ लेकर अपने मायके आई थी। बीती आठ तारीख को उसका पति भी भोपाल आ गया। यहां दो दिन रहने के बाद कल वह पत्नी व दोनों मासूम बेटों को लेकर रवाना होने वाला था। पत्नी ने उसे पांच सौ रुपए का नोट दिया था, कुछ सामान लाने के लिए। इस पैसों की आरोपी शराब पीकर आ गया। इसके बाद में जल्दी चलने की जिद करने लगा था। पत्नी ने उसे नशे में होने का हवाला देते हुए अगले दिन चलने की बात कही। इसी बात को लेकर वह विवाद करने लगा। पत्नी से झूमाझटकी के बाद में उसने चार महीने के मासूम बेटे आर्यन का गला घोंट दिया। आर्यन से बड़ा एक बेटा और है, जो घटना के समय मां के साथ ही मौजूद था। बेटे की हत्या करने के बाद में आरोपित मौके से फरार हो गया। वहीं संगीता ने मासूम बेटे को अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टरों ने भी चेक करने के बाद में उसे मृत घोषित कर दिया। घटना शनिवार शाम करीब पांच बजे की बताई जा रही है। अस्पताल की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया। देर रात मामले में हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया हैं। आरोपित संजू की तलाश की जा रही है।

# मध्य प्रदेश के थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए मददगार बनेगा इंदौर



**इंदौर।** इंदौर ने पूरे प्रदेश के थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए मदद का हाथ बढ़ाया है। शहर के खजराना गणेश मंदिर और रणजीत हनुमान मंदिर से इंदौर जिले ही नहीं, प्रदेश के सभी जिलों में थैलेसीमिया पीड़ित गरीब और जरूरतमंद मरीजों को मुफ्त दवा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए इंदौर जिला प्रशासन जल्द ही पोर्टल तैयार करा रहा है, जिस पर इंदौर सहित प्रदेश के सभी 52 जिलों के थैलेसीमिया पीड़ित मरीज पंजीयन करा सकेंगे। इस पोर्टल पर पंजीयन कराने पर हर परिवार या मरीज को यूनिक आइडी नंबर दिया जाएगा। यह यूनिक आइडी इसलिए जरूरी है कि एक ही मरीज दोनों मंदिरों से लाभ लेने का प्रयास न कर सके। यह पोर्टल दोनों मंदिरों से आपस में जुड़ा रहेगा। पंजीयन से शासन को भी यह पता चल पाएगा कि वास्तव में प्रदेश में थैलेसीमिया के कितने मरीज हैं और कितने ऐसे मरीज हैं जो गरीब हैं और दवा का खर्च वहन नहीं कर सकते। गरीब और जरूरतमंद परिवारों के थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को मुफ्त दवा उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन ने खजराना गणेश मंदिर और रणजीत हनुमान मंदिर में अलग-अलग समितियां बनाई हैं। इन्हें थैलेसीमिया सोसायटी नाम दिया गया है। थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए दोनों मंदिरों में होने वाले सेवा कार्य के लिए पर्यवेक्षण समिति भी बनाई है। इस संबंध में कलेक्टर मनीषसिंह ने आदेश जारी किया है। पर्यवेक्षण समिति के अध्यक्ष सांसद बनाए गए हैं, जबकि कलेक्टर, नगर निगम आयुक्त, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सदस्य के रूप में शामिल किए गए हैं। समिति का सचिव अपर कलेक्टर अभय बेड़ेकर को बनाया गया है। दोनों मंदिरों की थैलेसीमिया सोसायटी के तीन सदस्य भी पर्यवेक्षण समिति के सदस्य होंगे। दोनों मंदिरों के लिए एक-एक ड्रग इंस्पेक्टर की ड्यूटी भी लगाई जाएगी।

### थैलेसीमिया मरीजों के दान की अलग से होगी गिनती

प्रशासन ने तय किया है कि थैलेसीमिया मरीजों के लिए दान देने वालों के लिए दोनों मंदिरों में पांच-पांच दानपेटियां अलग से लगाई जाएंगी। मंदिरों में इन दानपेटियों में मिलने वाले दान की गिनती अलग से की जाएगी और इसका बैंक खाता भी अलग से रखा जाएगा। थैलेसीमिया के इलाज में होने वाला खर्च इसी राशि से किया जाएगा, किंतु जरूरत पड़ने पर मंदिर या अन्नक्षेत्र निधि का उपयोग भी किया जा सकेगा। खजराना गणेश मंदिर के लिए बनाई गई समिति में मंदिर प्रबंधक, सहायक मंदिर प्रबंधक, पंडित अशोक भट्ट, पं. विनोद भट्ट, प्रशासक द्वारा तय किया गया। सामाजिक क्षेत्र से जुड़ा श्रद्धालु और श्रीकांत दशोरे।

# केमिकल से रुपये दोगुना करने का झांसा देने वाले तीन ठग गिरफ्तार



**इंदौर।** इंदौर की खजराना पुलिस ने ऐसे गिरोह को पकड़ा है जो हाथ की सफाई से लोगों को चपत लगा रहा था। आरोपित केमिकल द्वारा नोट दोगुने करने का झांसा देकर हजारों रुपये ठग चुके हैं। पुलिस ने आरोपितों से केमिकल, कटर, कागज और चमकीली टेप जब्त की है। पुलिस आरोपितों से अन्य वारदातों के बारे में भी पूछताछ कर रही है।

खजराना टीआइ दिनेश वर्मा के मुताबिक, फरियादी इकबाल पुत्र अब्दुल रऊफ खान निवासी सम्राट नगर की शिकायत पर आरोपित जोगेंद्र उर्फ जीतू पुत्र पूरणसिंह निगवाल निवासी स्लोक पैलेस आलोक नगर, शेख एहतेशाम पुत्र शेख जमीरुद्दीन निवासी मनिहारी जिला कटियार बिहार और शेख मुन्ना पुत्र शेख कालू निवासी मनिहार जिला कटियार बिहार को गिरफ्तार किया है।

### ऐसे करते थे ठगी

टीआइ के मुताबिक, आरोपित जीतू लोगों को जाल में फंसाने का काम करता है। सौदा तय होने के बाद दोनों आरोपित शेख कालू और शेख एहतेशाम को बुला लेता है। आरोपित ग्राहक को विश्वास दिलाने के लिए बाकायदा डेमो भी दिखाते हैं। किसी भी सुरक्षित स्थान पर ले जाकर बैठा देते हैं। शुरुआत में 500 के नोट के आकार का कागज काट लेते हैं। उसमें लगाने के लिए चमकीली टेप भी काट लेते हैं। केमिकल से उस कागज को काला कर देते हैं। कुछ देर सुखाकर गर्म करने के लिए ग्राहक को लाइटर लेने भेज देते हैं। जैसे ही उसकी नजर चूकी आरोपित कागज बदल कर जेब में रखा नोट रख देते हैं जिस पर पहले ही काला केमिकल लगा हुआ रहता है। ग्राहक के सामने उस नोट को साफ कर असल नोट बनाने का दावा करते हैं।

### क्राइम ब्रांच ने फर्जी जज को पकड़ा, जेल भेजा

**इंदौर।** इंदौर में क्राइम ब्रांच ने एक फर्जी जज को गिरफ्तार किया है। उसने पारिवारिक मामला निपटाने के नाम पर एक व्यक्ति से लाखों रुपये ऐंठ लिए थे। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया है। आरोपित का नाम राजीव कुमार लाहोटी निवासी सुदामा नगर है। उसके पास से लाल बत्ती लगी कार भी जब्त की है, जिस पर न्यायाधीश लिखा हुआ है। फरियादी ने इंदौर क्राइम ब्रांच को शिकायत की थी कि आरोपित राजीव कुमार लाहोटी ने खुद को देवास कोर्ट का जज बताया था। उसने फरियादी को कहा था कि वहां कोई केस चल रहा है तो वह उसे खत्म करवा सकता है। राजीव कुमार लाहोटी ने फरियादी के एक परिचित का पारिवारिक मामला निपटाने के नाम पर 2 लाख 90 हजार रुपये ले लिए। बाद में पता चला कि वह फर्जी जज है। इसके बाद फरियादी ने शिकायत की। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## काशी एक्सप्रेस से गिरा उत्तर प्रदेश का यात्री, हादसे में दोनों पैर गवाए



**इटारसी।** रविवार रात काशी एक्सप्रेस में सफर कर रहा उप्र निवासी एक यात्री चलती ट्रेन से गिर गया। हादसे में यात्री के दोनों पैर कट गए। गंभीर हालत में ट्रेक पर पड़े यात्री को आरपीएफ ने ऑपरेशन जीवन रक्षक के तहत तत्काल मदद देकर अस्पताल में भर्ती कराया है। आरपीएफ आरक्षक सतीश चौरे, राकेश कुमार, आरक्षक सुबोध कुमार खंडवा आउटर पर टीओपीबी व अपराध रोकथाम के लिए तैनात थे, तड़के 4:30 बजे जवानों को ट्रेक पर पेट्रोलिंग के दौरान किलोमीटर 743/36 पर एक यात्री जख्मी हालत में नजर आया। यात्री चलती ट्रेन से गिरकर घायल हुआ था, जिसमें उसके दोनों पैर कट चुके थे। जवानों ने तत्काल अफसरों को जानकारी देकर 108 एम्बुलेंस सेवा को सूचना देकर घायल यात्री को ट्रेक से उठाकर उपचार हेतु सरकारी अस्पताल इटारसी पहुंचाया। अस्पताल में डॉ अभिषेक अग्रवाल द्वारा मरीज का इलाज किया गया। यात्री के अनुसार उसका नाम लालबाबू पिता हरिहर सिंह चौहान ग्राम - जमुनीपुर जिला चंदौली उत्तर प्रदेश है। वह गाड़ी न 15017 काशी एक्सप्रेस से मुंबई के लिए यात्रा कर रहा था। पुलिस ने उसके स्वजनों को हादसे की जानकारी दी है।

**करते हैं लापरवाही:** आए दिन आउटर पर इस तरह के हादसों में यात्री हादसों का शिकार होते हैं। ऐसे हादसे रात में ज्यादा होते हैं। चलती ट्रेन में बोगी के गेट पर बैठने, खड़े होकर सफर करने एवं कई बार नींद के झोंके में गिरने से यात्री जान गंवा देते हैं या हादसों में दिव्यांग हो जाते हैं। रेलवे और पुलिस एजेंसियां लगातार यात्रियों को लापरवाही न करने के लिए जागरूक करती हैं, लेकिन यात्री मनमानी से बाज नहीं आते। आरपीएफ के अनुसार घुमावदार ट्रेक पर झटका लगने या कोच में भीड़ होने पर भी इस तरह की घटनाएं होती हैं।

# सिंधी समाज के लिए भाजपा ने कुछ नहीं किया: कमलनाथ

- सिंधी समाज सीमित नहीं, हर व्यक्ति मेहनती होता है, उससे कई वर्ग जुड़े हुए हैं: कमलनाथ
- सिंधी कल्याण समिति का प्रांतीय सम्मेलन प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में संपन्न



**भोपाल।** सिंधी समाज का अधिकांश व्यक्ति व्यवसाय से जुड़ा और मेहनती होता है, इस वर्ग में कोई भी व्यक्ति मजदूर नहीं मिलेगा। अपनी मेहनत से अपना बिजनेस खड़ा करता है। सिंधी समाज केवल सिंधी समाज तक सीमित नहीं है, उससे कई समाज के लोग जुड़े होते हैं। भाजपा के लोग केवल इस समाज का उपयोग करते हैं लेकिन आज तक इस समाज के लिए किया कुछ नहीं है। हमारा व्यापार, धंधा सही चलेगा तो प्रदेश और देश की आर्थिक गतिविधि बनेगी लेकिन इस भ्रष्ट भाजपा राज में कोई उद्योगपति प्रदेश में निवेश करने को तैयार नहीं है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने म.प्र.कांग्रेस राज्य स्तरीय सिंधी कल्याण समिति के तत्वाधान में आयोजित प्रांतीय सम्मेलन आज यह बात कही। श्री कमलनाथ ने सिंधि समाज के प्रतिनिधियों के प्रांतीय सम्मेलन में खुशी जाहिर करते हुए कहा कि सिंधी समाज ने कांग्रेस कार्यालय पहुंचकर कांग्रेस को सम्मान दिया है। उन्होंने कहा कि हमारे देश में कितनी जातियां, है, कितने धर्म, कितने त्यौहार है, कितनी रस्में और रीति-रिवाज है, कितनी भाषाएं हैं लेकिन फिर भी सभी धर्मों के लोग एक झंडे के नीचे खड़े हैं। इसका कारण यह है कि भारत की संस्कृति दिल जोड़ने, रिश्ते जोड़ने और भाईचारे की संस्कृति है और जो भारत की संस्कृति है वहीं कांग्रेस की संस्कृति है। आज उसी संस्कृति पर आक्रमण हो रहा है। संविधान के साथ छेड़छाड़ की जा रही है। हमारा संविधान खतरे में है। यदि हमारे देश का संविधान गलत हाथों में चला जाएगा तो आने वाली पीढ़ियों का भविष्य क्या होगा।

श्री नाथ ने कहा कि हमारे सामने सबसे बड़ी चुनौती है? प्रदेश के नौजवानों का भविष्य अंधकार में रहेगा तो प्रदेश का नवनिर्माण कैसे होगा? प्रदेश महिलाओं पर अत्याचार में नंबर एक पर है, बेरोजगारी में नंबर वन है, किसानों पर अत्याचार में नंबर वन, भ्रष्टाचार में नबंर वन पर है। कुपोषण घोटाला हाल ही में सामने आया है। सबसे ज्यादा कुपोषण घोटाला शिवपुरी में हुआ और मोदी जी वहां चीते के कार्यक्रम में जा रहे हैं। क्या यही हमारे प्रदेश की तस्वीर है? भगवानदेव ईसरानी ने कहा कि सिंधी समाज के लिए 70 सालों के इतिहास में जो भी किया वह कांग्रेस पार्टी और उनकी सरकारों ने ही किया है। भाजपा ने इस वर्ग का केवल उपयोग कर उसका शोषण किया है। उन्होंने कहा कि सिंधी समाज के हितों के संरक्षण की दिशा में कार्य करने, समाज और पार्टी में उचित समन्वय स्थापित करनें एवं इस समाज को चुनावों और कांग्रेस संगठन में उचित प्रतिनिधित्व की बात कहीं।

# श्राद्ध कर्म से मिलता पितरों का आशीष, जीवन में आती समृद्धि-खुशहाली



**इंदौर।** पितरों के पूजन के सोलह दिनी श्राद्ध पक्ष की शुरुआत शनिवार को हुई। इस मौके पर शहरभर में विभिन्न स्थानों पर सामूहिक तर्पण के अनुष्ठान के साथ पितृ मोक्षदायिनी भागवत कथा की शुरुआत हुई। इंदौर सेवा ट्रस्ट द्वारा कृष्णपुरा छत्री पर आयोजित सामूहिक तर्पण में आचार्य लक्ष्मीनारायण भार्गव ने कहा कि अपने पूर्वजों के प्रति श्रद्धा का नाम ही श्राद्ध कर्म है। श्राद्ध कर्म करने से व्यक्ति को पितरों का आशीष मिलता है और जीवन में समृद्धि और खुशहाली आती है।

ट्रस्ट के संरक्षक पं. योगेंद्र महंत एवं पं. अशोक चतुर्वेदी ने बताया 16 दिवसीय सर्वजातीय सामूहिक तर्पण महोत्सव 25 सितंबर तक सुबह 7.30 से 10 बजे तक आयोजित किया जाएगा। पहले दिन पितृ शांति एवं मोक्ष हेतु श्रीमद् भागवत कथा का मूल पाठ एवं रुद्राभिषेक की व्यवस्था की गई। इस अवसर पर पं.दिनेश शर्मा, पं. संतोष भार्गव, पं. रामचंद्र शर्मा वैदिक, पं. गोपालकृष्ण भार्गव आदि मौजूद थे।

**पितरों के मोक्ष की मंगल कामना का पखवाड़ा:** हंसदास मठ बड़ा गणपति पर आयोजित तर्पण में महामंडलेश्वर स्वामी रामचरणदास महाराज ने कहा कि श्राद्ध पक्ष अपने पितरों के लिए मोक्ष की मंगल कामना और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करने का शास्त्रोक्त पखवाड़ा है। हमारी संस्कृति में सात जन्मों तक रिश्ते माने गए हैं। इस दौरान पितरों के आशीर्वाद और उनकी सद्भावनाएं हमें तो मिलती ही हैं, आने वाली पीढ़ियों को भी संस्कारों से समृद्ध बनाती हैं। समाजसेवी कांतिलाल बम की अध्यक्षता एवं पं. पवनदास शर्मा के विशेष आतिथ्य में आचार्य पं. पवन तिवारी के आचार्यत्व में भगवान विष्णु के पूजन के साथ तर्पण का शुभारंभ हुआ। संयोजक हरि अग्रवाल व अध्यक्ष मोहनलाल सोनी ने अतिथियों का स्वागत किया।

**अहिल्या माता गोशाला पर गोसेवा:** केशरबाग रोड स्थित प्राचीन अहिल्या माता गोशाला पर सुबह श्राद्ध पक्ष की शुरुआत विद्वान आचार्यों के निर्देशन में तर्पण के साथ हुई। श्राद्ध पक्ष में 25 सितंबर तक प्रतिदिन सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक गोशाला परिसर में आने वाले आम भक्तों के लिए निश्शुल्क तर्पण, गो पूजन एवं सप्त गो माता मंदिर पर पूजन सामग्री सहित गाय के लिए हरी एवं सूखी घास, भूसा, गुड़ एवं औषधि युक्त पौष्टिक लड्डू, गुड़, गेहूं की मीठी थूली, घी उपलब्ध रहेगी। गोशाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष रवि सेठी बताया कि इस दौरान पितरों के तर्पण की निःशुल्क व्यवस्था उपलब्ध रहेगी।

## उज्जैन में गरबा पंडालों में असामाजिक तत्वों का प्रवेश रोकने के लिए सख्त योजना



**उज्जैन।** देवी आराधना का पर्व शारदीय नवरात्र 26 सितंबर से शुरू होगा। नवरात्र के नौ दिन युवतियां गरबा नृत्य द्वारा माता की आराधना करेंगी। इसको लेकर गरबा पंडालों में तैयारियां शुरू हो गई हैं। इधर, गरबा पंडालों में असामाजिक तत्वों को प्रवेश को रोकने के लिए सख्त योजना बनाई जा रही है। इस बार पंडालों में सिंह वाहिनी की बहनों का पहरा रहेगा, वे लड़कों को तिलक लगाकर पंडाल में प्रवेश कराएंगी। गरबा देखने आने वालों को आधार कार्ड भी दिखाना होगा। आव्हान अखाड़े के महामंडलेश्वर स्वामी अतुलेषानंद गिरी महाराज ने बताया कि सनातन धर्म व संस्कृति की रक्षा के लिए संत हमेशा तत्पर रहे हैं। गरबा पंडालों में जिहादी व गंदी मानसिकता के युवकों को रोकने के लिए इस बार सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। उनके संगठन सिंह वाहिनी की बहनें गरबा पंडालों के सुरक्षा संभालेंगी। पंडाल में प्रवेश करने वाले प्रत्येक लड़के को तिलक लगाया जाएगा तथा आधार कार्ड की जांच के बाद ही उन्हेंर प्रवेश दिया जाएगा।

# इंदौर में तीन दिनी अनंत चतुर्दशी मेला, जहां देख सकेंगे झांकियां



**इंदौर।** तीन दिनी अनंत चतुर्दशी मेला इंदौर के श्रमिक क्षेत्र में दो साल के कोरोना विराम के बाद फिर लगेगा। छह मिल परिसर में हजारों की संख्या में 15 झांकियों को देखने लोग परिवार के साथ जाएंगे। क्षेत्र में चाट-पकौड़ी के साथ ही खाने-पीने के लजीज व्यंजनों की अस्थायी दुकानें सजेंगी। बच्चों को ललचाने के लिए खेल-खिलौनों की लंबी श्रृंखला भी होगी। कोई तलवार, बनेठी, बंदूक तो कोई सांप-सीढ़ी, कार, फुटबाल और गुब्बारे खरीदेगा। कोरोना संक्रमण के चलते पिछले दो साल पारंपरिक अनंत चतुर्दशी मेले का आयोजन नहीं हुआ था। मालवा मिल गणेशोत्सव समिति के अध्यक्ष कैलाश कुशवाह और स्वदेशी मिल्स गणेशोत्सव समिति के कोषाध्यक्ष हीरालाल वर्मा ने बताया कि मिल परिसर में झांकी शाम 6.30 से रात 11.30 बजे तक दिखाई जाएगी। स्वदेशी मिल की झांकी मिल परिसर में, राजकुमार मिल, हुकमचंद मिल, मालवा मिल की झांकी मालवा मिल परिसर में रखी जाएंगी। भंडारी मिल की झांकी भंडारी ब्रिज के नीचे और कल्याण मिल की झांकी कल्याण मिल के सामने दर्शकों के लिए रखी जाएगी।

**खजराना गणेश मंदिर की झांकी मंदिर परिसर में:** खजराना गणेश मंदिर की तीन झांकियां मंदिर परिसर में अवलोकन के लिए रखी जाएंगी। मुख्य पुजारी अशोक भट्ट ने बताया कि तीन दिनों तक यहां आने वाले श्रद्धालु और अन्य लोग भगवान गणेश को शिव पार्वती की परिक्रमा करते हुए, भगवान गणेश भोलेनाथ का अभिषेक करते हुए और मूषक की आरती उतारने वाली झांकी देख सकेंगे। इस बार नगर निगम द्वारा तीन झांकियां बनाई गई हैं। ये झांकियां लोग निगम परिसर में देख सकेंगे। निगम ने इस बार आदर्श ट्रैफिक व्यवस्था वाली झांकी बनाई है। इसमें दो पहिया वाहन, सिटी बस और मेट्रो को दौड़ते दिखाया गया है। इसके अतिरिक्त दूसरी झांकी में अयोध्या में निर्माणाधीन मंदिर की प्रतिकृति और राधा-कृष्ण की रासलीला वाली झांकी है।

# बेघरों को पट्टे के साथ ढाई लाख की सौगात

### गरीबों के श्राप से गई कांग्रेस सरकारः सिंधिया
### -केंद्रीय मंत्री व बीज निगम के अध्यक्ष ने 220 बेघरों को बांटे पट्टे, मकान के लिए दिए ढाई-ढाई लाख

ग्वालियर। 15 साल बाद सत्ता में आई कांग्रेस सरकार ने गरीबों के आशियाने तोड़कर उन्हें बेदखल किया तो गरीबों के श्राप पर उस सरकार को भी सत्ता से जाना पड़ा। यह बात केंद्रीय नागरिक उड्डयन एवं इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बेघरों को पट्टा वितरित करने के लिए आयोजित समारोह में कही। बेघरों को आज सोमवार को रूप सिंह स्टेडियम के पास स्थित बाल भवन में समारोह आयोजित कर पट्टे वितरित किए गए।

उन्होंने कहा कि जिस बेरहम सरकार ने गरीबों पर बुलडोजर चलाकर हिटलरशाही दिखाई थी। उसके लिए मुन्नालाल गोयल ने लंबी लड़ाई लड़ी। यह लड़ाई उन्होंने जीत ली है। इस अवसर पर श्री सिंधिया व बीज निगम के अध्यक्ष मुन्नालाल गोयल ने हुरावली, सिरोल, डोंगरपुर, रामनगर व सिंधिया नगर से उजाड़े गए 220 बेघर परिवारों को ग्राम केदारपुर में आवास बनाने के लिए पट्टों का वितरण किया। इससे पहले 318 बेघरों को पहले पट्टे दिए जा चुके हैं। पट्टे बांटने के साथ इन लोगों को ढाई-ढाई लाख रुपए मकान बनाने के लिए बीएलसीसी योजना के तहत दिए गए हैं। वहीं 4 करोड़ 22 लाख रुपए डवलपमेंट के लिए स्वीकृत किए गए हैं। स्वागत भाषण कार्यक्रम आयोजक बीज निगम के अध्यक्ष मुन्नालाल गोयल ने दिया। सभापति मनोज तोमर ने कहा कि लंबे समय से संघर्ष कर रहे लोगों के पास भी खुद का आशियाना होगा और उन्हें सभी जरूरी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। कार्यक्रम में ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, भाजपा जिलाध्यक्ष कमल माखीजानी, पूर्व विधायक मदन कुशवाह, रामवरन सिंह गुर्जर, रमेश अग्रवाल, नेता प्रतिपक्ष हरिपाल, पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष मुलायम सिंह यादव, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष संतोष गोडयाले, मंडल अध्यक्ष उमेश भदौरिया, हरिओम झा, जयंत शर्मा सहित पार्षदगण, कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह, निगम आयुक्त किशोर कन्याल, एडीएम इच्छित गढ़पाले, एसडीएम सीबी प्रसाद आदि उपस्थित थे।



### ये रहेगी कॉलोनी में सुविधाएं

शिवपुरी लिंक रोड स्थित केदारपुर में बीएलसी व आश्रय योजना के अंतर्गत आवास बनाए जाएंगे। इन आवासों में अब उजाड़े गए परिवार रहेंगे। यहां पर प्रशासन द्वारा सारी सुविधाएं जुटाई जा रही हैं। यहां के लोगों को परेशान नहीं होना पड़े इसको लेकर यहां पर सामुदायिक भवन, प्राथमिक विद्यालय, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, आंगनबाड़ी केंद्र, खेल मैदान, पार्क, पानी की टंकी आदि बनाई जाएंगी। साथ ही सड़क, सीवर, पानी, बिजली जैसी सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी।

### विधानसभा के बाहर दिया था गोयल ने धरना

हुरावली, सिरोल, डोंगरपुर, रामनगर, सिंधिया नगर क्षेत्र में उजाड़े गए परिवारों को आवास देने की मांग को लेकर पूर्व विधायक मुन्नालाल गोयल लंबे समय से संघर्ष कर रहे थे। उन्होंने बेघर परिवारों को आवास देने के लिए 2019 में कमलनाथ सरकार के खिलाफ विधानसभा के बाहर धरना दिया था। साथ ही वे सिरोल पहाड़िया पर प्रशासन की कार्रवाई के खिलाफ पीड़ितों के साथ धरने पर बैठे थे।

### चार साल से सिर पर नहीं थी छत

वर्ष 2018-19 में जिला प्रशासन द्वारा इन लोगों को बेघर कर दिया गया था। तीन साल पहले प्रशासन ने हुरावली, सिरोल, डोंगरपुर, रामनगर में कार्रवाई की थी। प्रशासन ने झोंपड़ों पर बुलडोजर चलाकर इनके आशियानों को नेस्तनाबूद कर दिया गया था। तब से ही उजाड़े किए गए गरीब परिवार पुनर्वास के लिए संघर्ष कर रहे थे।

### इनका कहना

कांग्रेस सरकार के वक्त फूटी कॉलोनी में तुड़ाई हुई थी। तब हमारे साथ पूर्व विधायक मुन्नालाल गोयल ने धरना दिया। और यहीं पर दीपावली भी मनाई। जब उनकी बात नहीं सुनी गई तो विधानसभा के बाहर भी धरना दिया। आज भाजपा सरकार ने पट्टे व ढाई-ढाई लाख रुपये दिए है। हम उनके साथ है और हमेशा रहेंगे।

**- राकेश, निवासी, फूटी कॉलोनी**

# एलीवेटेड रोड़ के शुभारंभ 15 को ... ऊर्जा मंत्री तोमर ने तैयारियों का लिया जायजा

### मुख्यमंत्री चौहान व केन्द्रीय मंत्रिगण गड़करी, तोमर व सिंधिया की मौजूदगी में होगा शुभारंभ



ग्वालियर। ग्वालियर में 15 सितम्बर को प्रस्तावित एलीवेटेड मार्ग के भूमिपूजन समारोह स्थल का ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया और आयोजन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। लगभग 447 करोड़ रूपए की लागत से बनने जा रहे प्रथम चरण के एलीवेटेड रोड़ का भूमिपूजन एवं आईएसबीटी (अंतराज्यीय बस अड्डा) की अधाराशिला रखी जायेगी।

गोला का मंदिर मुरैना रोड़ पर स्थित ट्रिपल आईटीएम के सामने स्थित एलीवेटेड रोड़ के भूमिपूजन समारोह में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केन्द्रीय राजमार्ग एवं परिवहन मंत्री नितिन गड़करी, केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर, केन्द्रीय नागरिक उड्डयन एवं इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया सहित राज्य सरकार के मंत्रिगण एवं अन्य गणमान्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में होगा।

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने यहाँ गोले का मंदिर मुरैना रोड़ पर ट्रिपल आईटीएम के सामने स्थित एलीवेटेड रोड़ के भूमिपूजन समारोह स्थल का सोमवार को जायजा लिया। साथ ही समारोह की सभी तैयारियाँ समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि एलीवेटेड रोड़ ग्वालियरवासियों के लिये बहुत बड़ी सौगात है। इसलिए शुभारंभ समारोह का आयोजन पूरी गरिमा व भव्यता के साथ किया जाए। एलीवेटेड रोड़ के शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल होने आने वाले नागरिकों को कोई कठिनाई नहीं आनी चाहिए।

# कैट ने ग्वालियर-इन्दौर विमान सेवा पुनः प्रारंभ करने की मांग को लेकर सिंधिया को दिया पत्र

ग्वालियर। कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने ग्वालियर-इन्दौर विमान सेवा पुनः प्रारभ करने के लिये केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया को पत्र प्रदान किया।

चेम्बर भवन में आयोजित कार्यक्रम में कैट मध्यप्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र जैन ने श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया को पत्र देकर यह अनुरोध किया कि दिल्ली-ग्वालियर एयर बस सेवा प्रारंभ करना प्रसन्नता की बात है और इसके लिये केन्द्रीय मंत्री साधुवाद के पात्र हैं। उन्होंने ग्वालियर-इन्दौर विमान सेवा स्थगित हो जाने पर बताया कि इससे ग्वालियर के उद्योग, व्यवसाय एवं विकासशील गतिविधियों पर विपरीत प्रभाव पडा है। कैट मध्यप्रदेश आपसे अनुरोध करता है कि ग्वालियर-इन्दौर एयर सेवा को पुनः प्रारंभ किया जावे। साथ ही उन्होंने यह भी प्रस्ताव दिया है कि इण्डिगो का एयर क्राप्ट ग्वालियर-इन्दौर और बैंगलौर के लिये आसानी से चलाई जा सकती है क्योंकि बैंगलौर का ट्रेफिक ग्वालियर से काफी है अन्य कंपनी की विमान सेवा जो बैंगलौर के लिये है उनके प्रायः केन्सिल हो जाने के कारण यात्रियों में असमन्जस बना रहता है। अतःयह भी किया जा सकता है कि इण्डिगो का एक एयर क्राप्ट ग्वालियर-इन्दौर-बैंगलौर के लिये चलाया जाये इससे इन्दौर विमान सेवा भी प्रारंभ हो जायेगी और बैंगलौर के लिये भी एक अतिरिक्त सेवा यत्रियों को प्राप्त होगी। इस संबंध में ग्वालियर की प्रमुख संस्थाओं का एक प्रतिनिधि मण्डल केन्द्रीय मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिधिया से पुन भेंट कर इस सेवा को प्रारंभ करने हेतु अनरोध करेगा।

# पिकनिक मनाने गया था सिपाही, मजाक-मजाक में गहरे पानी में उतरने से डूबकर हुई मौत

### पांच घंटे बाद मिला शव

ग्वालियर। ग्वालियर से मोहना ककैटो डैम पर पिकनिक मनाने पहुंचे सिपाही की डैम में डूबने से मौत हो गई है। जवान मजाक-मजाक में गहरे पानी में उतर गया, इसके बाद डूबने लगा। दोस्तों ने बचाने का प्रयास किया, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। घटना मोहना स्थित ककैटो डैम की है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस पहुंची।

पुलिस ने गोताखोरों की मदद से तलाश शुरू की। करीब पांच घंटे बाद डैम में घटना स्थल से कुछ दूरी पर शव डैम में उतराता मिला है। पुलिस ने शव को निगरानी में लेकर डेड हाउस पहुंचा दिया था। सोमवार को परिजन के आने के बाद शव का पोस्टमार्टम किया गया है। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है।



ग्वालियर की 13वीं बटालियन में पदस्थ 32 वर्षीय सिपाही मदन मोहन सुखालिया की मोहना स्थित ककैटो डैम में डूबने से मौत हो गई है। मदन मोहन 13वीं बटालियन एसएएफ में क्लर्क था। मदनमोहन अपने 7 दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने के लिए ककैटो डैम आया हुआ था। यहां सभी ने डैम में नहाया और खाना पीना हुआ। इसके बाद मदन मोहन कपड़े उतारकर फिर डैम में नहाने चला गया। नहाते-नहाते वह दोस्तों से मजाक कर रहा था कि यहां पानी गहरा है या कम है। यह करते हुए वह गहराई में चला गया और डूबने लगा। पानी में जब वह नहा रहा था तो दोस्तों ने भी उसे डूबते हुए देखा लेकिन वह लोग तैरना नहीं जानते थे इसलिए उसकी मदद नहीं कर सके। उनकी आंखों के सामने वह डूब रहा था वह कुछ भी नहीं कर सके। वह मदद के लिए चिल्लाए लेकिन वहां कोई नहीं था। बाद में उन्होंने पुलिस को खबर दी। पुलिस मौके पर पहुंची तब तक वह डूब चुका था।

### पुलिस का कहना

इस मामले में एसएसपी ग्वालियर अमित सांघी ने बताया कि 13 बटालियन का जवान अपने दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने मोहना ककैटो डैम गया था। नहाते समय वह गहराई में चला गया और उसकी पानी मे डूबकर मौत हो गई है। फिलहाल शव को बाहर निकालकर मर्ग कायम कर लिया गया है और जांच की जा रही है।

# क्रोध का त्याग कर क्षमा भाव को धारण करना चाहिएः मुनिश्री



### मुनिश्री के सानिध्य में 48 दिवसीय भक्तामर विधान का हुआ समापन

ग्वालियर। क्षमा आत्मा का गुण है। यह क्रोध और कषाय के कारण विकृत हो जाता है। जिस प्रकार जल का स्वभाव शीतलता है, परंतु अग्नि का संयोग पाकर उष्ण हो जाता है। अग्नि का संपर्क हटते जल शीतल हो जाता है। इसी प्रकार क्षमा युक्त अवस्था आत्मा का स्थायी गुण है। क्रोध और कषाय के अभाव में विकार मिट जाते हैं। इसलिए क्रोध का त्याग कर क्षमा भाव को धारण करना चाहिए।यह बात श्रमण मुनिश्री विनय सागर महाराज ने साधनमय बर्षयोग समिति एवं सहयोगी संस्था पुलक मंच परिवार ग्वालियर व मुख्य संयोजक मनोज जैन, जैन कालेज के संयुक्त तत्वावधान में आज सोमवार को माधवगंज स्थित चातुर्मास स्थल अशियाना भवन में चल रहे 48 दिवसीय भक्तामर विधान के समापन पर धर्मसभा को संबोधित करते हुए कही। मुनिश्री ने कहा असत्य हमेशा मरता है। सत्य हमेशा जीवित रहता है। अपमान होने पर हम कितने दुखी होते हैं, इसलिए हम भी किसी को अपमानित नहीं करें। क्रोध के स्थान पर करुणा हो तो दुश्मन भी मित्र बन जाता है। अभिमान हमें झुकने नहीं देता है, अहंकार छोड़े बिना गुरु परमात्मा का भी नहीं हो सकता है। व्यक्ति को बदलने का अवसर मिलना चाहिए। कर्म के भ्रम को कोई ना जानता है।

# रुपए दोगुना करने वाले गिरफ्तार, नोटों की गड्डी को काले कपड़े में लपेटकर आग के ऊपर घुमाते थे, कर देते थे गायब



ग्वालियर। ग्वालियर में नोटों को दोगुना करने का झांसा देकर ठगने वाले गिरोह के पांच सदस्य पुलिस के हाथ लगे हैं। यह सफलता मुरार थाना पुलिस को मिली है। गिरोह के तीन सदस्य टारगेट को झांसे में लेकर लग्जरी कार से एक खंडहर में ले जाते हैं। यहां दो युवक पहले से बैठे मिलते हैं। एक युवक को यह नोट दोगुने करने की कला आना बताते हैं। इसके बाद टारगेट के दिए रुपए काले कपड़े में बांधकर आग के ऊपर से गुजारे जाते हैं।

दो चीनी की प्लेट में कागज केमिकल डालकर रख देते हैं। यहीं वह टारगेट को चकमा देकर नोट गायब कर देते हैं। गिरोह ने चार दिन पहले 8 सितंबर को एक कांग्रेस नेता पुष्पेन्द्र राजपूत को मुरार के नाटकोटिक्स ऑफिस के पीछे इसी तरह शिकार बनाया था। पुलिस ने पांचों ठगों को गिरफ्तार कर लिया है। यह हाल ही में पांच लोगों से 11 लाख रुपए सहित 30 से 35 लाख रुपए ठग चुके हैं। जिससे पहले यह और लोगों को अपना शिकार बनाते पुलिस ने गिरोह को बर्स्ट कर दिया है।

### ठग ऐसे जाल में फंसाते थे शिकार

एएसपी क्राइम ब्रांच राजेश दंडौतिया ने बताया कि चौरसिया कॉलोनी गुढा निवासी पुष्पेन्द्र राजपूत पुत्र प्रताप सिंह राजपूत कांग्रेस नेता हैं। उन्होंने शिकायत की थी कि उनके साथ पांच युवकों ने रुपए डबल करने के नाम पर ठगी की है। उसने पुलिस को बताया था कि वह 8 सितंबर मुरार आया था। जब वह एम एच चौराहा पहुंचा तो उसे गुढ़ा पर रहने वाला आकाश बघेल दो अन्य साथियों के साथ मिला। आकाश ने दोस्तों का परिचय जितेन्द्र उर्फ कल्लू व अभिषेक मावई के रूप में कराया। वह एक क्रेटा कार में सवार थे। आकाश ने कांग्रेस नेता को बताया कि एक व्यक्ति है नोटों (रुपयों) को केमिकल और टेक्नीक से डबल कर देता है। यह कार भी हमने रुपए डबल कराकर खरीदी है। पर पांच लाख रुपए से कम रुपए वह डबल नहीं करता है। हम दोनों पर डेढ़-डेढ लाख रुपए तो हैं, लेकिन 2 लाख रुपए कम पड़ रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस नेता को विश्वास दिला दिया कि ऐसा सच में होता है। इसके बाद पुष्पेन्द्र घर गया और 2 लाख रुपए ले आया। फिर तीनों के साथ वह लग्जरी में सवार होकर नारकोटिक्स ऑफिस के पास किसी खंडहर में पहुंचे। यहां पहले से दो व्यक्ति बैठे हुए थे। एक का नाम लल्लू और दूसरे का धर्मवीर था। जब पुष्पेन्द्र खंडहर में पहुंचा तो वहां लल्लू नाम के युवक ने बैग से दो कांच की प्लेट निकाली। एक प्लेट पर नोट के साइज का कागज रखकर दूसरी प्लेट से उसे ढक दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### दोस्ती से इनकार किया तो उसके फोटो एडिट कर उसके मोबाइल पर भेजा

ग्वालियर। विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र के महलगांव निवासी एक महिला को उसके पति के दोस्त ने मदद का झांसा देकर दोस्ती का प्रस्ताव रखा और जब पीड़िता ने दोस्ती से इनकार किया तो उसके फोटो एडिट कर उसके मोबाइल पर भेज दिए। जब पीड़िता ने इसका विरोध किया तो आरोपी ने उसे धमकी दे दी पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र के महलगांव निवासी 25 वर्षीय महिला ने शिकायत की है कि उसका उसके पति से तलाक का मामला चल रहा है। इसी बीच पति का दोस्त उससे मिला और उसकी मदद का भरोसा दिलाया। इसके बाद वह उसे दोस्ती ऑफर करने लगा। जब पीड़िता ने उसका प्रस्ताव ठुकरा दिया तो आरोपी ने उसके फोटो एडिट कर अश्लील बनाए और उसे भेजने लगा। जब उसने विरोध किया तो आरोपी उसे धमकी दे रहा है। काफी समझाने के बाद भी आरोपी नहीं माना तो पीड़िता थाने पहुंची और मामले की शिकायत की। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### शिक्षका को धक्का दिया,हो गई बेहोश पर्स व मोबाइल गायब

ग्वालियर। मुरार थाना क्षेत्र के सेंटपाल स्कूल की घटना के पास बच्चों को ट्यूशन पढाने के लिए जा रही शिक्षिका को बदमाश ने धक्का मार दिया। धक्का लगते ही शिक्षिका जमीन पर गिरी और बेहोश हो गई। शिक्षिका को होश आया तो उसका पर्स तथा मोबाइल गायब मिले। पुलिस ने जांच के बाद मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार मुरार थाना क्षेत्र के सीपी कॉलोनी निवासी राखी पुत्री लाखन शर्मा शिक्षिका है और बच्चों को होम ट्यूशन देती है। बीते रोज वह बच्चों को ट्यूशन देने के लिए घर से निकली थी। अभी वह सेंटपाल स्कूल के सामने पहुंची ही थी कि तभी पीछे से किसी ने उसे धक्का मार दिया। धक्का लगते ही वह सड़क पर गिरी और सिर में चोट लगने से बेहोश हो गई। कुछ देर बाद होश आया तो लोगों की मौड़ लगी हुई थी और उसका पर्स व मोबाइल गायब थे। मोबाइल व पर्स गायब देखकर पीड़िता ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद मामला दर्ज कर लिया है।

### मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान के तहत घर-घर जाकर करें हितग्राहियों का सर्वेः निगमायुक्त श्री कन्याल

ग्वालियर। मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान के तहत 17 सितम्बर से वार्डवार गठित दल घर-घर जाकर विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को चिन्हित करें तथा जिन हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है और जो पात्र हैं लेकिन लाभ नहीं मिल रहा है, उन सभी का पंजीयन कर उन्हें भी लाभ दिलाने की कार्रवाई करें। यह अभियान सरकार की प्राथमिकता का अभियान है किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। उक्ताशय के निर्देश नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने निगम अधिकारियों की बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों को दिए। बालभवन सिटी सेंटर में आयोजित बैठक में अपर आयुक्त श्री मुकुल गुप्ता, उपायुक्त श्री अमर सत्य गुप्ता, अधीक्षण यंत्री श्री जेपी पारा, सिटी प्लानर श्री पवन सिंहल सहित अन्य सभी संबंधित अधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में निगमायुक्त श्री कन्याल ने बताया कि मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान के लिए वार्डवार कर्मचारियों का दल गठित किया गया है जिसमें जनकल्याण, राजस्व, सम्पत्किर स्वास्थ्य के कर्मचारी एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर रहेगें, जो कि घर घर जाकर सर्वे करेंगें। सभी हितग्राहियों का रिकार्ड ऑन लाइन व ऑफलाइन संधारित किया जाएगा। बैठक में 15 सितम्बर को एलीवेटेड रोड एवं आइएसबीटी बस स्टेन्ड निर्माण के भूमिपूजन कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

### निगम के मदाखलत अमले ने अभियान चलाकर 1 सप्ताह में पकडे 240 आवारा पशु

ग्वालियर। नगर निगम ग्वालियर द्वारा शहर की सड़कों पर घूमने वाले आवारा मवेशियों को पकड़ने के लिए निरंतर अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। इसके साथ ही शहर के गौ-पालकों से भी आग्रह किया गया है कि वह अपनी गाय खुले में ना छोड़ें, इससे यातायात तो अवरुद्ध होता ही है और दुर्घटना की संभावना भी बढ़ती है। इसके साथ ही शहर की सडकों पर गंदगी भी होती है। मदाखलत अधिकारी ग्वालियर पूर्व श्री शैलेन्द्र सिंह चैहान ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देशानुसार शहर में आवारा मवेशियों को पकडने का अभियान निरंतर चलाया जा रहा है।

### शहर के प्रमुख स्थानों पर तैनात किए मदाखलत कर्मी, हटाएंगें अतिक्रमण

ग्वालियर। शहर के यातायात को व्यवस्थित रखने एवं आमनागरिकों की सुविधा के लिए नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों पर मदाखलत कर्मचारियों की डयूटी लगाकर उन क्षेत्रों को अतिक्रमण से मुक्त रखने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। जिसके तहत आज शहर के विभिन्न 7 प्आइंटों पर निगम कर्मचारियों ने निरंतर तैनात रहकर अस्थाई अतिक्रमण हटवाया। मदाखलत अधिकारी ग्वालियर पूर्व श्री शैलेन्द्र सिंह चैहान ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देशानुसार शहर के विभिन्न प्रमुख क्षेत्रों को अतिक्रमण से मुक्त रखने व व्यवस्थित यातायात के लिए मदाखलत कर्मचारी तैनात किए गए हैं।

*स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णौपुरम्, एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रित करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनूमान मंदिर के पास, भिण्ड रोड, गोले का मंदिर जिला ग्वालियर, मध्य प्रदेश 474005 से प्रकाशित। संपादक- भरत सिंह चौहान पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार।* **E-mail : pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, M.: 8269307478**